

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस समूह

मध्यप्रदेश | राजस्थान | हरियाणा | छत्तीसगढ़ | महाराष्ट्र से प्रकाशित




डाक पंजीयन क्रं. 173/15-17


5 अमेजन-फ्लिकार्ट पर अब नहीं बिकेंगे पाकिस्तानी झंडे और | सम्पादकीय नापाक हरकतों से बाज नहीं आ रहा चीन | वोडाफोन आइडिया ने सुप्रीम कोर्ट में राहत मांगी 5


वर्ष 12 अंक 78 E-mail: dholpur@hotmail.com जयपुर, शुक्रवार 16 मई 2025 ई-पेपर के लिए लॉगऑन करें -www.hindustanexpress.online मूल्य 2.00 रुपया, पृष्ठ 8


## क्या एक दुष्ट देश के हाथों में सुरक्षित हैं परमाणु हथियार? – राजनाथ सिंह

### रक्षामंत्री श्रीनगर में सैनिकों से मिले

आर.एन.एस



**श्रीनगर।** केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने गुरुवार को श्रीनगर का दौरा किया और सशस्त्र बलों से बातचीत की, उन्हें ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पर बधाई दी। रक्षा मंत्री ने परमाणु हथियारों को संभालने की पाकिस्तान की क्षमता की आलोचना की और पूछा कि क्या पाकिस्तान जैसे ÷दुष्ट÷ राष्ट्र के हाथों में परमाणु हथियार सुरक्षित हैं। उन्होंने कहा, ÷दुनिया जानती है कि हमारी सेना का निशाना अचूक है और जब वो निशाना साधती है तो गिनती दुश्मनों पर छोड़ देती है। आज आतंकवाद के खिलाफ भारत का संकल्प कितना मजबूत है, इसका पता इसी बात से चलता है कि हमने उनके परमाणु ब्लैकमेल की भी परवाह नहीं की। पूरी दुनिया ने देखा है कि पाकिस्तान ने कितनी गैरजिम्मेदाराना तरीके से भारत को धमकाया है।÷ उन्होंने कहा, ÷आज श्रीनगर की धरती से मैं यह सवाल उठाना चाहता हूं कि क्या परमाणु हथियार ऐसे गैरजिम्मेदार और दुष्ट राष्ट्र के हाथों में सुरक्षित हैं। मेरा मानना है कि पाकिस्तान के परमाणु हथियारों को अंतरराष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी (आईएईए) की निगरानी में लिया जाना चाहिए।÷ रक्षा मंत्री ने ऑपरेशन सिंदूर की सफलता का श्रेय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और सशस्त्र बलों के नेतृत्व को दिया। राजनाथ सिंह ने पाकिस्तान और आतंकवाद के खिलाफ जम्मू-कश्मीर के लोगों द्वारा दिखाए गए ÷गुस्से÷ की भी सराहना की। राजनाथ सिंह ने कहा, हमारे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल नेतृत्व और मार्गदर्शन में ऑपरेशन सिंदूर के दौरान आपने जो किया, उस पर पूरे देश को गर्व है। मैं आपका रक्षा मंत्री हो सकता हूं, लेकिन उससे पहले मैं भारत का नागरिक हूं। जम्मू-कश्मीर के लोगों ने पूरी एकता के साथ पाकिस्तान और आतंकवाद के खिलाफ अपना गुस्सा जाहिर किया है। मैं जम्मू-कश्मीर के लोगों को बधाई देता हूं। मैं उस ऊर्जा को महसूस करने आया हूं, जिसने दुश्मन को तबाह कर दिया है। जिस तरह से आपने सीमा पार पाकिस्तानी चौकियों और बुनकरों को नष्ट किया है, दुश्मन उसे कभी नहीं भूल सकता।

केंद्रीय मंत्री ने अपने संबोधन की शुरुआत भारत माता की जय के नारे के साथ की और आतंकवाद के खिलाफ लड़ते हुए शहीद हुए सैनिकों को श्रद्धांजलि दी। राजनाथ सिंह ने कहा, ÷सबसे पहले मैं आतंकवाद और आतंकवादियों से लड़ते हुए वीर जवानों के सर्वोच्च बलिदान को नमन करना चाहता हूं। मैं उनकी स्मृति को नमन करता हूं। मैं पहलगाम में मारे गए निर्दोष नागरिकों को भी श्रद्धांजलि देता हूं। मैं घायल सैनिकों की वीरता को भी सलाम करता हूं और ईश्वर से प्रार्थना करता हूं कि वे जल्द से जल्द स्वस्थ हो जाएं।÷ इससे पहले, रक्षा मंत्री ने श्रीनगर जम्मू और कश्मीर के बादामी बाग छावनी में सैनिकों के साथ बातचीत की और ऑपरेशन सिंदूर के दौरान उनकी वीरता और साहस की सराहना करके उनका आत्मविश्वास बढ़ाया। राजनाथ सिंह के साथ जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा और मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला भी थे।सैनिकों के साथ बातचीत के दौरान रक्षा मंत्री ने जवानों के कंधे थपथपाए तथा उनसे हाथ मिलाकर अपनी सराहना व्यक्त की। राजनाथ सिंह ने उन पाकिस्तानी गोलों का भी निरीक्षण किया जो भारत द्वारा ऑपरेशन सिंदूर के तहत नौ आतंकवादी ठिकानों पर हमला करने के बाद सीमा पार से की गई गोलाबारी के दौरान जम्मू-कश्मीर में गिराए गए थे।

## भारत में फैक्ट्रियां ना लगाएं, मैं नहीं चाहता एपल के प्रॉडक्ट वहां बनाएं - ट्रम्प

### अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प ने एपल सीईओ से कहा

आर.एन.एस



**दोहा।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने एपल के सीईओ टिम कुक से कहा है कि भारत में फैक्ट्रियां लगाने की जरूरत नहीं है। मैं नहीं चाहता हूं कि एपल के प्रोडक्ट वहां बनाएं। इंडिया अपना ख्याल खुद रख सकता है। ट्रम्प ने गुरुवार को कतर की राजधानी दोहा में बिजनेस लीडर्स के साथ कार्यक्रम में एपल सीईओ के साथ हुई बातचीत की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि एपल अब अमेरिका में प्रोडक्शन बढ़ाएगा। ट्रम्प के मुताबिक, एपल को सिर्फ भारतीय बाजार को टारगेट करने के लिए ही भारत में फैक्ट्री बनानी चाहिए।

वहीं, ट्रम्प ने कहा कि भारत ने हमें ट्रेड में जीरो टैरिफ डील की पेशकश की है। उन्होंने कहा की भारत हमसे ट्रेड में कोई चार्ज नहीं लेने को तैयार हैं। एपल के सीईओ टिम कुक ने हाल ही दिए एक इंटरव्यू में बताया है कि अमेरिकी बाजार में बिकने वाले 50त्न आईफोन भारत में बन रहे हैं। कुक ने कहा कि भारत अप्रैल-जून तिमाही में अमेरिका में बिकने वाले आईफोन्स का कंट्री ऑफ ओरिजिन बन जाएगा। उन्होंने बताया कि एयरपॉड्स, एपल वॉच जैसे अन्य प्रोडक्ट्स भी ज्यादातर वियतनाम में बनाए जा रहे हैं। कंपनी चाइना के मुकाबले कम टैरिफ की वजह से भारत और वियतनाम को प्राथमिकता दे रही है। चीन में ज्यादा टैरिफ के मुकाबले भारत और वियतनाम से इंपोर्ट पर सिर्फ 10त्न टैक्स है।

### 2026 तक देश में सालाना 6 करोड़+ आईफोन बनेंगे

फाइनेंशियल टाइम्स की रिपोर्ट के अनुसार, चीन पर अपनी निर्भरता कम करने के लिए एपल काफी समय से अपनी सप्लाई चेन को वहां से बाहर शिफ्ट करने पर काम कर रही है। एपल अगर अपनी असेंबलिंग भारत की ओर इस साल के आखिर तक शिफ्ट कर लेती है, तो 2026 से यहां सालाना 6 करोड़ से ज्यादा आईफोन का प्रोडक्शन होगा। ये मौजूदा कैपेसिटी से दोगुना है।

## देश में दलितों, पिछड़ों और आदिवासियों के साथ 24 घंटे अन्याय होता है - राहुल गांधी

आर.एन.एस



**पटना।** लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी के गुरुवार को बिहार के दौरे को लेकर जबरदस्त बवाल हो गया। राहुल गांधी ने आरोप लगाया कि जब वह छात्रों से बातचीत करने के लिए दरभंगा में स्थित अंबेडकर हॉस्टल जा रहे थे तो बिहार पुलिस ने उन्हें रोकने की कोशिश की। कांग्रेस ने बिहार की जेडीयू-बीजेपी की सरकार पर हमला बोला और कहा कि क्या बिहार में दलित छात्रों से बात करना अपराध है? बिहार में छात्रों के न्याय के लिए आवाज उठाना गुनाह है? राहुल गांधी ने एक बार फिर यहां जाति जनगणना का मुद्दा जोर-शोर से उठाया। बताना होगा कि लोकसभा चुनाव 2024 के दौरान कांग्रेस और विपक्षी दलों ने जाति जनगणना के मुद्दे को अपने चुनाव घोषणा पत्र में शामिल किया था। मोदी सरकार ने कुछ दिन पहले ही देश भर में जाति जनगणना कराने का ऐलान किया है।

राहुल गांधी ने कहा कि प्राइवेट शिक्षण संस्थानों में भी आरक्षण होना चाहिए और आरक्षण से 50त्न की दीवार को तोड़ा जाना चाहिए। राहुल गांधी ने कहा, नीतीश जी आप किस बात से डर रहे हैं, क्या बिहार में शिक्षा और सामाजिक न्याय की स्थिति को आप छुपाना चाहते हैं। देश में दलितों, पिछड़ों, अति पिछड़ों और आदिवासियों के साथ 24 घंटे अन्याय होता है और आपको शिक्षा के सिस्टम में रोका जाता है।÷ उन्होंने कहा कि सही तरीके से जाति जनगणना कराई जानी चाहिए और प्राइवेट कॉलेज और यूनिवर्सिटी में आरक्षण लागू किया जाना चाहिए। राहुल गांधी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जनता के दबाव में जाति जनगणना कराने का फैसला किया है। राहुल ने कहा, ÷मोदी सरकार और बीजेपी लोकतंत्र के खिलाफ है, संविधान और जाति जनगणना के खिलाफ है और भारत की 90 प्रतिशत आबादी के भी खिलाफ है। यह अडानी अंबानी की सरकार है। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष ने कहा, देश की 90 प्रतिशत आबादी को अपनी ताकत समझनी होगी। आपका ध्यान भटकाकर आपको रोका जा रहा है। ब्यूरोक्रेसी, कॉर्पोरेट इंडिया, एजुकेशन सिस्टम, मेडिकल सिस्टम में इस 90 प्रतिशत आबादी का कोई नहीं मिलेगा। लेकिन अगर मनरेगा की लिस्ट निकालेंगे तो उसमें सिर्फ दलित, पिछड़ा और आदिवासी वर्ग के लोग मिलेंगे। सारे के सारे कांट्रैक्ट, सारा धन चंद लोगों के हाथ में जाता है और आपको उल्टी-सीधी बातें बताकर आपका ध्यान भटकाया जाता है, इसलिए आपको एक साथ खड़े होना है।

## मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा को जान से मारने की धमकी



### आईएएस नीरज के पवन को भी मिली धमकी

आर.एन.एस

**जयपुर।** राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा और खेल परिषद के अध्यक्ष नीरज के पवन को जान से मारने की धमकी मिली है। सीएम और खेल परिषद की आईडी पर मेल कर यह धमकी दी गई है। मेल में लिखा है- रेप पीड़िता के मामले में अगर पुलिस ने कुछ नहीं किया तो हम सीएम का मर्डर कर सकते हैं। उनके टुकड़े कर देंगे। नीरज के पवन को जान से मारने की धमकी देते हुए लिखा है- टुकड़े कर काले सूटकेस में पैक कर देंगे। भारत-पाकिस्तान बॉर्डर पर स्थित श्रीगंगानगर जिले के अनूपगढ़ में ड्रोन गिरा है। गांव 12 ए के खेत में ग्रामीणों ने गुरुवार सुबह 9.45 बजे देखा। फौरन अनूपगढ़ पुलिस को सूचना दी गई। एसएचओ ईश्वर जांगिड़ पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे और ब्स्स्न को भी सूचित किया। बीएसएफ की टीम मौके पर पहुंच गई है। ड्रोन 5 से 7 फीट लंबा है। इसमें लगा कैमरा टूटकर अलग गिरा हुआ मिला है। जयपुर से चंडीगढ़ के बीच बंद पड़ी 3 फ्लाइट्स आज (गुरुवार) से फिर शुरू कर दी गई हैं। ये फ्लाइट्स 7 मई को बंद कर दी गई थीं। इसके साथ कुल्लू और गाजियाबाद की फ्लाइट भी आज से संचालित की जाएगी। उधर, जोधपुर एयरपोर्ट पर भी सामान्य दिनों की तरह फ्लाइट्स का संचालन शुरू हो चुका है। भारत-पाकिस्तान के तनाव के बीच राजस्थान के सरहदी इलाकों का एयर स्पेस अब भी खाली है। एयरपोर्ट खुलने के बाद भी घरेलू उड़ानों की संख्या इस एरिया में कम नजर आ रही है।

## क्या सुप्रीम कोर्ट तय कर सकता है विधेयकों पर मंजूरी की डेडलाइन?

### राष्ट्रपति मुर्मू ने कोर्ट से पूछे 14 सवाल

आर.एन.एस

**नई दिल्ली।** तमिलनाडु सरकार बनाम राज्यपाल मामले में राज्य विधेयकों पर निर्णय लेने के लिए राज्यपाल और राष्ट्रपति पर समय सीमा तय करने वाले सुप्रीम कोर्ट के 8 अप्रैल के फैसले का कड़ा खंडन करते हुए राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने इस तरह के फैसले की वैधता पर सवाल उठाया है और इस बात पर जोर दिया है कि संविधान में ऐसी कोई समय सीमा निर्धारित नहीं है। राष्ट्रपति के जवाब में इस बात पर प्रकाश डाला गया है कि भारत के संविधान के अनुच्छेद 200 में राज्यपाल की शक्तियों और विधेयकों को स्वीकृति देने या न देने की प्रक्रियाओं के साथ-साथ राष्ट्रपति के विचार के लिए विधेयक को सुरक्षित रखने का विवरण दिया गया है। हालाँकि, अनुच्छेद 200 में राज्यपाल द्वारा इन संवैधानिक विकल्पों का प्रयोग करने के लिए कोई समय-सीमा निर्दिष्ट नहीं की गई है।

इसी प्रकार, अनुच्छेद 201 विधेयकों पर सहमति देने या सहमति न देने के लिए राष्ट्रपति के प्राधिकार और प्रक्रिया को रेखांकित करता है, लेकिन यह इन संवैधानिक शक्तियों के प्रयोग के लिए कोई समय सीमा या प्रक्रिया निर्धारित नहीं करता है। इसके अलावा, भारत के संविधान में ऐसे कई उदाहरण हैं, जहाँ किसी कानून को राज्य में लागू होने से पहले राष्ट्रपति की सहमति की आवश्यकता होती है। अनुच्छेद 200 और 201 के तहत राज्यपाल और राष्ट्रपति की विवेकाधीन शक्तियाँ संघवाद, कानूनी एकरूपता, राष्ट्रीय अखंडता और सुरक्षा, और शक्तियों के पृथक्करण के सिद्धांत सहित कई विचारों द्वारा आकार लेती हैं। जटिलता को और बढ़ाते हुए, सुप्रीम कोर्ट ने इस बात पर विरोधाभासी निर्णय दिए हैं कि अनुच्छेद 201 के तहत राष्ट्रपति की सहमति न्यायिक समीक्षा के अधीन है या नहीं। राष्ट्रपति के जवाब में कहा गया है कि राज्य अक्सर अनुच्छेद 131 के बजाय अनुच्छेद 32 के तहत सुप्रीम कोर्ट का रुख करते हैं, जिससे संघीय सवाल उठते हैं, जिन्हें स्वाभाविक रूप से संवैधानिक



व्याख्या की आवश्यकता होती है। अनुच्छेद 142 का दायरा, खास तौर पर संवैधानिक या वैधानिक प्रावधानों द्वारा शासित मामलों में, सर्वोच्च न्यायालय की राय की भी मांग करता है। राज्यपाल या राष्ट्रपति के लिए मान्य सहमति की अवधारणा संवैधानिक ढांचे का खंडन करती है, जो मूल रूप से उनके विवेकाधीन अधिकार को प्रतिबंधित करती है।

## मणिपुर : असम राइफल्स ने चंदेल में 10 उग्रवादी ढेर किये



आर.एन.एस

**चंदेल।** मणिपुर के चंदेल जिले में गुरुवार को असम राइफल्स और उग्रवादियों के बीच मुठभेड़ में 10 उग्रवादी मारे गए। भारत-म्यांमार बॉर्डर पर सेना का सर्च ऑपरेशन जारी है। सेना की ईस्टर्न कमान ने बताया- 14 मई को न्यू समताल गांव के पास उग्रवादियों की गतिविधि की जानकारी मिली थी। इसके बाद असम राइफल्स की यूनिट ने सर्च ऑपरेशन चलाया। इसी दौरान उग्रवादियों ने जवानों पर फायरिंग शुरू कर दी। जवाबी फायरिंग में 10 उग्रवादी मारे गए। इनके पास से बड़ी मात्रा में हथियार और गोला-बारूद भी बरामद हुए हैं। इधर, सुरक्षाबलों ने मणिपुर के 4 जिलों में प्रतिबंधित उग्रवादी संगठनों से जुड़े सात उग्रवादियों को गिरफ्तार किया है। ये गिरफ्तारियां थोउबाल, काकचिंग, बिष्णुपुर और चुराचांदपुर जिलों से हुई हैं। कोहिमा में रक्षा जनसंपर्क अधिकारी (क्क्रह्र) ने न्यूज एजेंसी क्क्षढ्ढ को बताया कि इलाके में ऑपरेशन अभी खत्म नहीं हुआ है। जैसे ही ऑपरेशन पूरा होगा, पूरी जानकारी साझा की जाएगी। मुठभेड़ चंदेल जिले के पहाड़ी इलाके में भारत-म्यांमार अंतरराष्ट्रीय बॉर्डर के करीब हुई है। यह इलाका राजधानी इंफाल से 130 किलोमीटर दूर है और यहां बहुत कम लोग रहते हैं।

## उप्र लखनऊ में चलती एसी बस में आग, 5 जिंदा जले

### बिहार से दिल्ली जा रही थी

आर.एन.एस



**लखनऊ।** गुरुवार सुबह चलती एसी बस में आग लग गई। हादसे में 5 यात्रियों की जलकर मौत हो गई। मृतकों में मां-बेटी, भाई-बहन और एक युवक है। बस में करीब 80 यात्री थे। स्लीपर बस बिहार के बेगूसराय से दिल्ली जा रही थी। हादसा सुबह 4.40 बजे आउटर रिंग रोड (किसान पथ) पर मोहनलालगंज के पास हुआ। उस वक्त ज्यादातर यात्री सो रहे थे। यात्रियों ने बताया कि बस में अचानक धुआं भरने लगा। लोगों को कुछ समझ नहीं आया। कुछ ही मिनटों में आग की तेज लपटें उठने लगीं। बस के अंदर भगदड़ मच गई। ड्राइवर और कंडक्टर बस छोड़कर भाग गए। ड्राइवर की सीट के पास एक एक्स्ट्रा सीट लगी थी। ऐसे में यात्रियों को नीचे उतरने में दिक्कत हुई। कई यात्री फंसकर गिर गए। आसपास के लोगों ने पुलिस और फायर ब्रिगेड को सूचना दी। जब तक दमकल की गाड़ियां पहुंचीं, तब तक पूरी बस जल चुकी थी। दमकल ने करीब 30 मिनट में आग बुझाई। टीम अंदर पहुंची, तो जले हुए 5 शव मिले। परिवहन मंत्री दया शंकर सिंह ने कहा- बस का परमिट 2023 में ही समाप्त हो चुका था। मामले की जांच की जा रही है। दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। यात्री राम बालक महतो ने बस मालिक, ड्राइवर और क्लीनर के खिलाफ मोहनलालगंज थाने में तहरीर दी है। इंस्पेक्टर दिनेश कुमार सिंह ने बताया कि राम बालक की तहरीर पर मुकदमा दर्ज किया जा रहा है। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, शव इतनी बुरी तरह जल गए थे कि पहचान पाना मुश्किल था। दो बच्चों के शव सीट पर थे, जबकि दो महिलाओं और युवक का शव सीट के बीच में पड़ा था। लॉकेट और कड़ों से बच्चों की पहचान हुई।

## एमपी मिनिस्टर शाह पर एफआईआर की भाषा से हाईकोर्ट नाराज


### कहा-अब पुलिस जांच हमारी निगरानी में होगी



**जबलपुर।** कर्नल सोफिया कुरैशी पर मध्य प्रदेश के मंत्री के विवादित बयान पर दर्ज स्नढ्ढक्रकी भाषा पर हाईकोर्ट ने नाराजगी जताई है। हाईकोर्ट की डबल बेंच ने गुरुवार को मंत्री विजय शाह के खिलाफ स्नढ्ढक्रको सिर्फ खानापूर्ति बताया है। हाईकोर्ट ने कहा कि अब इस पुलिस जांच की निगरानी कोर्ट करेगी। जांच किसी दबाव में प्रभावित ना हो इसलिए ऐसा करना जरूरी है। हाईकोर्ट इस मामले में छुट्टियों के बाद फिर सुनवाई करेगा। सुप्रीम कोर्ट ने मंत्री विजय शाह की याचिका पर सुनवाई से इनकार कर दिया। सुप्रीम कोर्ट ने पूछा कि आप हाईकोर्ट क्यों नहीं गए। आप किस तरह के बयान दे रहे हैं? देखना चाहिए कि कैसे हालात हैं? आप जिम्मेदार पद पर हैं, जिम्मेदारी निभानी चाहिए। मध्य प्रदेश सरकार- महाधिवक्ता प्रशांत सिंह ने कोर्ट को बताया कि कोर्ट के आदेश पर बुधवार शाम 7.55 बजे इंदौर के मानपुर थाने में विजय शाह के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर दी गई। जांच पुलिस कर रही है। हाईकोर्ट- जस्टिस अतुल श्रीधरन ने कहा कि यह किसी हत्या की जांच नहीं है, बल्कि एक आपत्तिजनक भाषण से जुड़ा मामला है। ऐसे में इसमें लंबी जांच की आवश्यकता नहीं है।

## कांग्रेस ने भाजपा पर ऑपरेशन सिंदूर का राजनीतिकरण करने का आरोप लगाया

आर.एन.एस




**नई दिल्ली।** वरिष्ठ कांग्रेस नेता और सांसद जयराम रमेश ने बुधवार को भाजपा पर ऑपरेशन सिंदूर का राजनीतिकरण करने का आरोप लगाया और कहा कि ऐसी खबरें हैं कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ऑपरेशन सिंदूर और उसके बाद पाकिस्तान की आक्रामकता पर भारत के प्रभावी जवाब के बारे में राजग शासित राज्यों के मुख्यमंत्रियों से मुलाकात करेंगे।उन्होंने कहा, ÷ऑपरेशन सिंदूर का राजनीतिकरण गलत है। हमने सुरक्षा के मुद्दे का कभी राजनीतिकरण नहीं किया। हमें जानकारी है कि प्रधानमंत्री मोदी 25 मई को एनडीए के मुख्यमंत्रियों से मुलाकात करेंगे।÷ रमेश ने सरकार पर भारत और पाकिस्तान के बीच सैन्य कार्रवाई और गोलीबारी रोकने के लिए समझौता कराने के बारे में अमेरिकी नेताओं की टिप्पणियों पर चुप रहने का भी आरोप लगाया। उन्होंने कहा, ÷पिछले कुछ दिनों से कांग्रेस पार्टी पूछ रही है कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने भारत और पाकिस्तान के बीच संघर्ष विराम की घोषणा क्यों की? ऐसा पहली बार हो रहा है। पीएम मोदी इस पर कुछ नहीं बोलते हैं। अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो कहते हैं कि अमेरिका की भूमिका इतनी महत्वपूर्ण थी कि उनकी वजह से ही यह युद्ध रुका। विदेश मंत्री डॉ. जयशंकर इसका जवाब भी नहीं देते हैं। हम लगातार पूछ रहे हैं कि पीएम मोदी और विदेश मंत्री इस बात का जवाब क्यों नहीं दे रहे हैं कि अमेरिका की भूमिका क्या है?।

कांग्रेस ने कहा कि सरकार से सवाल पूछने के लिए विभिन्न राज्यों में %जय हिंद% रैलियां आयोजित की जाएंगी।कांग्रेस नेता ने कहा, ÷हमने निर्णय लिया है कि हम 10-15 राज्यों में %जय हिंद सभा% रैलियां आयोजित करेंगे।हमारी पार्टी के वरिष्ठ नेता इसमें भाग लेंगे और हम प्रधानमंत्री से कई सवाल पूछेंगे। हमारी पार्टी की ओर से पहले ही कई सवाल पूछे जा चुके हैं।16 मई को राहुल गांधी भी कुछ सवाल पूछेंगे। इन रैलियों में हम प्रधानमंत्री से पूछेंगे कि वे चुप क्यों हैं। हमारे भूतपूर्व सैनिक विभाग के सदस्य भी रैलियों में मौजूद रहेंगे।

### भारत के हमलों ने पाकिस्तान को बड़ा नुकसान पहुंचाया

**नई दिल्ली।** भारत और पाकिस्तान के बीच चार दिनों तक चली सैन्य झड़प पिछले 50 सालों में सबसे बड़ी लड़ाई थी। दोनों देशों ने एक-दूसरे की एयर डिफेंस क्षमताओं को परखा और सैन्य ठिकानों पर हमले किए। इन हमलों के लिए ड्रोन और मिसाइलों का इस्तेमाल किया। दोनों ने एक-दूसरे को गंभीर नुकसान पहुंचाने का दावा किया। सैटेलाइट तस्वीरों से पता लगा कि हमले काफी ज्यादा थे, लेकिन नुकसान दावे से कहीं कम था। इनमें भी ज्यादातर हमले भारत ने पाकिस्तानी ठिकानों पर किए थे।

# पिंक स्क्वायर मे मातृत्व दिवस मनाया गया



हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

**जयपुर।** मातृत्व को समर्पित और महिलाओं की प्रतिभा को मंच देने के उद्देश्य से चेष्टा लेडीज क्लब और पिंक स्क्वायर की ओर से मदर्स डे के उपलक्ष्य में एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की



शुरुआत मां के सम्मान में प्रस्तुत भावपूर्ण गीतों से हुई, जिसमें प्रतिभागी महिलाओं ने अपनी मधुर आवाज से सभी को भावुक कर दिया। इसके पश्चात रैंप वॉक का आयोजन हुआ, जिसमें महिलाओं ने आत्मविश्वास और गरिमा के साथ मंच पर चलकर दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। रंग-बिरंगे परिधानों में सजी इन महिलाओं की उपस्थिति ने कार्यक्रम को और भी आकर्षक बना दिया।

### कार्यक्रम में मनोरंजन और सहभागिता बढ़ाने के लिए गेम्स, नृत्य और गायन

की प्रस्तुतियां भी आयोजित की गई। सभी महिलाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए माहौल को आनंदमय बना दिया। देशभक्ति से प्रेरित एक विशेष प्रस्तुति ने दर्शकों के मन में देशप्रेम की भावना जागृत की और कार्यक्रम को भावनात्मक ऊंचाई प्रदान की। इस अवसर पर चेष्टा लेडीज क्लब की निदेशक नीतू जैन और पिंक स्क्वायर की इवेंट मैनेजर राजश्री उपाध्याय ने उपस्थित रहकर आयोजन की शोभा बढ़ाई। कार्यक्रम में ममता शर्मा, उषा जैन, परवीन हीरा, उर्मिला जांगिड़, रजनी कोठारी, शिंपी रंधावा, रुचि सदवानी और अनुप्रिति सहित कई सक्रिय महिलाओं ने भाग लिया और इस विशेष दिन को यादगार बना दिया।

# एन.के.पब्लिक स्कूल में सीबीएसई 12वीं के टॉपर्स का भव्य स्वागत



हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

**जयपुर।** एन.के. पब्लिक स्कूल, ग्रैंड सीकर रोड़ राजावास, जयपुर का केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड नई दिल्ली का सीनियर सैकण्डरी का बोर्ड परीक्षा परिणाम जयपुर शहर के सीबीएसई स्कूलों में इस विद्यालय के बच्चों ने टॉप तीन में स्थान प्राप्त किया है। विद्यालय के लगभग 20 छात्र-छात्राओं ने टॉप रैंक हासिल कर अपने पेरेन्ट्स के साथ सेलिब्रेट किया है। क्या नजारा था एन.के. पब्लिक के ऑडिटोरियम में जियसमें बच्चों की खुशियों की चहचहाहट और पेरेन्ट्स की खुशी का कोई ठिकाना नहीं था। पेरेन्ट्स ण्पने बच्चों के अचीवर्स होने पर खुश थे और विद्यालय मैनेजमेंट प्रबंध निदेशक डॉ.एन.सी.लुनायच, डायरेक्टर कुलदीप सिंह एवं प्रिन्सिपल काव्या प्रेमा को बेस्ट परीक्षा परिणाम की बधाइयां दे रहे थे वहीं खुशी का इजहार कर रहे थे। इस अवसर पर स्टेज पर एक-एक बच्चे का भावभीनी स्वागत जिसमें डायरेक्टर सर कुलदीप सिंह ने साफा और माल्यार्पण कर अचीवर्स होने पर दिल से बधाई एवं बधाई साथ ही उनके पेरेन्ट्स का भी स्वागत किया गया।

कैसा नजारा था जिसमें बच्चे अपने माता-मिता का भी सम्मान होते देख मुस्कुरा रहे थे। इस संवाददाता ने मौके पर बच्चों से बातचीत की तो जाना कि विद्यालय का बेस्ट मैनेजमेंट और बेस्ट फैकल्टी का होना ही अचीवर्स होने का सबब बना। बच्चों का कहना है कि सभी शिक्षकगण बहुत ही सर्पोटिव हैं, इंटैलीजेंट हैं तथा लेशन बहुत ही खुशी से समझाते हैं, जो याद हो जाता है। सभी बच्चों ने सामूहिक स्वर में कहा कि विद्यालय में सभी सुविधाएं बेहतर हैं और डायरेक्टर साहब प्रत्येक बच्चे पर फोकस करते हैं तथा एमडी डॉ.लुनायच सर बहुत ही सर्पोटिव हैं क्योंकि पढ़ाई के साथ अन्य स्पपोर्ट्स एक्टिविटी भी भव्यता के साथ कराई जाती हैं, जिससे शिक्षण में मन लगता है और अनुशासन ही विद्यालय का परम ध्येय है।

डायरेक्टर सर एवं प्रिन्सिपल मैम अनुशासनहीनता में कोई समझौतानहीं करते हैं। विद्यालय के वाइस म्रिन्सिपल गौरव सर बच्चों से शिक्षण के बारे में इंटरेक्ट करते रहते हैं, जिससे हम अपडेट रहते हैं। इस विद्यालय का मैनेजमेंट इतना एक्टिव है कि शिक्षण के अलावा और कोई लेशन हो ही नहीं सकता। समय-समय पर प्रत्येक बच्चे की काउंसिल होती रहती है, नेचुरल इससे शिक्षा में दक्षता तो आएगी ही। 12वीं सीबीएसई सीनियर का परीक्षा परिणाम के सेलेब्रेशन की बच्चों के साथ उनके पेरेन्ट्स को भी डायरेक्टर सर ने दी। सभी का मुंह मीठा कराया गया। इस संवाददाता ने देखा कि पेरेन्ट्स आपसी बापचीत में कह रहे हैं विद्यालय की फैकल्टी का कोई जवाब नहीं है और इसको मेनटेन करने के लिए एमडी सर, डायरेक्टर सर, प्रिन्सिपल मैम एवं गौरव सर ने कोई कमी नहीं झेड़ी, जिसका ही यह परिणाम है कि हमारे बच्चे टॉप रैंक लेकर हमारा नाम रोशन किया है।

# सॉयकोलॉजिस्ट बनना मेरी हॉबी- नंदिका शर्मा



हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

**जयपुर।** केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड नई दिल्ली के सीनियर सैकण्डरी के परीक्षा परिणाम में एमजीपीएस कूल की होनहार छात्रा नंदिका शर्मा ने 96 प्रतिशत अंक लेकर शिक्षण में दक्षता दिखाई है। नंदिका का कहना है कि विद्यालय की फैकल्टी बहुत अच्छी है जिसका ही परिणाम है कि हमने उच्च अंक प्राप्त किए हैं। समाजसेविका श्रीमती चन्द्रकांता शर्मा एवं बसंत कुमार शर्मा की लाडली नंदिका का कहना है कि नियमित विद्यालय में पढ़ा घर पर रिवीजन कर लिया जाए तो अच्छे मॉर्क्स प्राप्त किए जा सकते हैं। नियमित घर पर 7-8 घंटे पढ़ने वाली नंदिका सॉयकोलोजिस्ट बनना चाहती है। नंदिका की बड़ी बहिन का कहना है कि हम स्ट्रेस फ्री होकर और खुशहाल परिवार की तरह रहते हैं, जिससे पढाई मं मन लगता है तथा दोनों बहिनें दोस्त की तरह रहती हैं, जिसका ही परिणाम है कि अच्छे अंक प्राप्त करने का सबब बना।

# राजस्थान विश्वविद्यालय का दीक्षांत समारोह आयोजित, डॉ सोभित सैनी को जनसंचार एवं पत्रकारिता में पीएचडी उपाधि



हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

**जयपुर।** राजस्थान विश्वविद्यालय जयपुर का 34 वां दीक्षांत समारोह गुरुवार को राजस्थान इंफोर्मेशन सेंटर में आयोजित किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने स्टूडेंट्स को गोल्ड मेडल और पीएचडी की उपाधियां प्रदान की। समारोह में 123 स्टूडेंट्स को गोल्ड मेडल और 309 स्टूडेंट्स को पीएचडी उपाधि प्रदान की गई। समारोह में सीनियर जर्नलिस्ट व एचजेयू जयपुर में असिस्टेंट प्रोफेसर (जीएफ) डॉ सोभित सैनी को जनसंचार एवं पत्रकारिता में पीएचडी की उपाधि प्रदान की गई। कुलगुरु डॉ. अल्पना कटेजा ने विश्वविद्यालय का प्रगति प्रतिवेदन प्रस्तुत किया।

# सीबीएसई कक्षा दसवीं और बारहवीं परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों के सम्मान में भव्य समारोह का आयोजन किया गया



हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

**जयपुर।** माहेश्वरी पब्लिक स्कूल कालवाड़ रोड़ में सीबीएसई कक्षा दसवीं और बारहवीं परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों के सम्मान में भव्य समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय सभागार कौटिल्य में मानद सचिव श्री अशोक कुमार जी मालू,भवन मंत्री श्री श्याम सुंदर जी जाजू विद्यालय प्रबंधन समिति के सदस्यों, एवं उपप्राचार्या श्रीमती दीप्ति श्रीवास्तव ने बोर्ड परीक्षाओं में श्रेष्ठ प्रदर्शन कर विद्यालय का नाम रोशन करने वाले विद्यार्थियों का अभिभावकों के साथ माला पहनाकर एवं मिठाई खिलाकर स्वागत किया।सम्मान प्राप्त कर विद्यार्थी एवं अभिभावकों के चेहरे खुशी से चमक उठे एवं गर्व की अनुभूति की। मानद सचिव श्री अशोक कुमार जी मालू एवं उपस्थित सदस्यों ने विद्यार्थियों को सफलता एवं उत्कृष्ट प्रदर्शन हेतु बधाई देते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# रावत पब्लिक स्कूल के विद्यार्थी उत्कृष्ट रिजल्ट के लिए सम्मानित



हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

**जयपुर।** रावत पब्लिक स्कूल प्रताप नगर और भांकरोटा के विद्यार्थियो ने सी बी एस ई की 10 वी और 12वी की परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। रावत पब्लिक स्कूल प्रताप नगर एवम भांकरोटा की कक्षा 12 वी के 50 से अधिक विद्यार्थियों ने 85% से अधिक अंक प्राप्त किए। साइंस स्ट्रीम में काजल बत्रा ने 96.2%,अंक ,कॉमर्स में लवीना ननवानी ने 95% एवम ह्यूमैनिटीज में अमन गुर्जर ने 94.8% अंक प्राप्त कर विद्यालय को गौरवान्वित किया। 10वी क्लास में 40 विद्यार्थियो ने 85% से अधिक अंक प्राप्त किए एवम ऋषभ जांगिड़ ने 95.40% प्राप्त किए। रावत पब्लिक स्कूल भांकरोटा की 10वी कक्षा की विद्यार्थी देवजानी राय ने 97.40% एवम योगिता शर्मा ने 95.60% अंक प्राप्त कर विद्यालय को गौरवान्वित किया। 12वी के नतीजों में कॉमर्स में रूद्रप्रकाश ने 93.2%,विज्ञान में नियति चौधरी ने 92 % कॉमर्स में, श्रीराम शर्मा ने 90.4 % अंक प्राप्त किए। रावत एजुकेशनल ग्रुप के चेयरमैन बी एस रावत ने सभी विद्यार्थियो को इस सफलता के लिए बधाई दी। रावत एजुकेशनल ग्रुप के निदेशक हेमेंद्र सिंह रावत एवम नरेंद्र सिंह रावत ने अपनी समस्त टीम के प्रयासों की भी सराहना की। विद्यार्थियों के उल्लेखनीय प्रदर्शन के लिए उन्हें सम्मानित किया गया ।इस अवसर पर विद्यार्थियो के अभिभावक भी उपस्थित रहे। रावत पब्लिक स्कूल ,भांकरोटा की निदेशक डॉक्टर अक्षिता रावत ने सभी विद्यार्थियो के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# कर्नल राज्यवर्धन राठौड़ द्वारा सीएचसी सिरसी, झोटवाड़ा वार्ड नं.49 में करवाई गई रेडियोलॉजिस्ट की नियुक्ति, क्षेत्रवासियों को मिलने लगी Digital X-Ray की सुविधा

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

**जयपुर।** विधायक कर्नल राज्यवर्धन राठौड़ द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सिरसी, वार्ड नं.49 झोटवाड़ा में रेडियोलॉजिस्ट की नियुक्ति करवाई गई है साथ हे यहाँ अब Digital X-Ray की भी बेहतरीन अत्याधुनिक सुविधा उपलब्ध है। कर्नल राज्यवर्धन राठौड़ ने बताया कि यह पहल झोटवाड़ा क्षेत्र के नागरिकों को सुलभ और गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने की दिशा में एक अहम कदम है। इस सुविधा से स्थानीय नागरिकों को त्वरित एवं सटीक चिकित्सीय जांच की सुविधा प्राप्त होगी। सीएचसी सिरसी में डिजिटल एक्स-रे उपलब्ध कराए जाने पर स्थानीय नागरिकों और कार्यकर्ताओं ने कैबिनेट मंत्री कर्नल राज्यवर्धन राठौड़ का आभार व्यक्त किया है। कर्नल राज्यवर्धन राठौड़ ने कहा कि स्वस्थ झोटवाड़ा के निर्माण हेतु राजस्थान की डबल इंजन भाजपा सरकार अत्याधुनिक स्वास्थ्य सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित कर रही है।

# हेरिटेज निगम की उद्यान समिति की बैठक आयोजित



### पार्कों में गुणवत्ता पूर्ण हो रख रखाव और विकास कार्य - चेयरमैन पूनम शर्मा

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

**जयपुर।** नगर निगम हेरिटेज जयपुर की उद्यान समिति चेयरमैन पूनम शर्मा ने बुधवार को समिति के सदस्यों के साथ बैठक की। बैठक में उद्यानों से संबंधित विकास कार्यों के एजेंडों पर चर्चा की गई और निगम अधिकारियों को दिशा निर्देश दिए गए। चेयरमैन पूनम शर्मा ने बताया कि हेरिटेज निगम क्षेत्र में लगभग 250 पार्क आते है। जिनमें आमजन अच्छे स्वास्थ्य लाभ के लिए प्रकृति और वातावरण के नजदीक जाता है। ऐसे में हमें सभी पार्कों के सफाई व्यवस्था सुदृढ़ करनी चाहिए, साथ ही जिन पार्कों में मरम्मत कार्य और सौंदर्यकरण कार्य होना चाहिए, वहां गुणवत्ता पूर्ण कार्य कराएं जाएं। उन्होंने कहा कि अब पार्कों के विकास कार्य कागज में नहीं धरातल पर दिखने चाहिए। साथ ही चेयरमैन पूनम शर्मा ने बताया कि मानसून सीजन आने वाला है, ऐसे में इस बार वृहद स्तर पर पौधारोपण कोई जाएं, जिसमें जनप्रतिनिधि, आमजन, नागरिक विकास समिति, मोहल्ला समिति, एनजीओ, संस्थाओं का सहयोग लिया जाएं।

**पार्कों की जमीन पर हो रहे अतिक्रमण हटाएं और पुनः पार्को को करें स्थापितः** इस दौरान चेयरमैन पूनम शर्मा ने निर्देश दिए कि प्रत्येक वार्ड में पार्कों की जमीन का निरीक्षण किया जाएं।यदि वहां पर कोई अतिक्रमण पाया जाता है तो उसे हटवा कर पुनः पार्क स्थापित किए जाएं। चेयरमैन पूनम शर्मा ने कहा कि, वे खुद सभी पार्कों में निरीक्षण कर व्यवस्था का जायजा लेंगी और काम में कोताही बरतने पर सख्त कार्रवाई भी करेंगी। इस दौरान बैठक में उपायुक्त उद्यान शाखा मोनिका सोनी, उद्यान अधीक्षक छाजूराम, पार्षद अनीता जैन, श्याम सुंदर सैनी, नसरीन बानो, मधु यादव, रीटा राठौड़, अनिता वर्मा आदि मौजूद रहे।

# जल महल की परशुराम कॉलोनी में मां दुर्गा और भोले बाबा के संग विराजेंगे प्रभु श्रीराम

## कलशयात्रा के साथ आज कराया जाएगा प्रतिमाओं को नगर भ्रमण

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस



**जयपुर ।** जल महल स्थित परशुरामपुरी कॉलोनी में श्रीराम दरबार, मंगलेश्वर महादेव और मां दुर्गा की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा की जाएगी। इसकी तैयारी जोर शोर से चल रही है। आयोजन से जुड़े सर्वेश्वर शर्मा ने बताया कि परशुरामपुरी कॉलोनी विकास समिति. के अध्यक्ष और मंदिर निर्माण में प्रमुख भूमिका वाले नरेश शर्मा (श्याम) के निर्देशन में उत्साह और उमंग के साथ लोग तैयारियों में जुटे हुए हैं। घर घर जाकर लोगों को निमंत्रण दिया जा रहा है। कॉलोनी में मूर्तियां की प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव के प्रति महिलाओं में भारी उत्साह है। प्रचंड गर्मी के बावजूद महिलाएं

16 मई को सुबह 9 बजे गाजे बाजे के साथ निकलने वाली कलश यात्रा को भव्य बनाने में जुटी हुई है। क्योंकि इसी कलश यात्रा के साथ ही मूर्तियों को नगर भ्रमण कराया जाएगा। कलश यात्रा में बड़ी संख्या में महिलाएं एक ही रंग की साड़ी पहन कर शामिल होंगी। जगह जगह पुष्प वर्षा कर शोभायात्रा का स्वागत किया जाएगा। नगर भ्रमण यात्रा के मंदिर पहुंचने पर 24 घंटे की अखंड रामायण शुरू होगी।

17 मई को दोपहर आरती के साथ अखंड रामायण पाठ का समापन होगा और मूर्ति प्रतिष्ठा की पूर्व क्रियाएं शुरू होंगी। मुख्य आचार्य के निर्देशन 11 वेदिक विद्वान अनुष्ठान प्रारम्भ करेंगे। समस्त देवी देवताओं ,श्रीराम दरबार ,दुर्गा माता शिव परिवार का अन्न , जल, फल सहित अन्य सामग्री से अधिवास कराया जाएगा। संतों महंतों के सान्निध्य में होगी महाआरती

18 मई रविवार को दोपहर 12:15 अभिजीत मुहूर्त में संत महात्माओं के सान्निध्य में सभी प्रतिमाओं की प्राण प्रतिष्ठा की जाएगी। जयपुर सांसद मंजू शर्मा ,हवा महल विधायक स्वामी बालमुकुन्दाचार्य, भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष मुकेश दाधीच ,जयपुर नगर निगम हेरिटेज की महापौर कुसुम यादव, स्थानीय पार्षद सहित सभी कॉलोनीवासियों की गरिमामय उपस्थिति में श्रीराम दरबार, मंगलेश्वर महादेव, माता दुर्गा की मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा के बाद महाआरती की जाएगी। उसके बाद हजारों भक्तों के लिए महाप्रसादी का आयोजन किया जाएगा।

### भक्ति का मत्स्यावतार है मंदिर का निर्माण

उल्लेखनीय है कि इस मंदिर के स्थान पर 60-70 वर्ष से एक बहुत ही छोटा मंदिर था । जो मात्र पांच फीट में बना हुवा था । एक व्यक्ति भी मंदिर में ढंग से पूजा नहीं कर सकता था। उसकी स्थिति भी बड़ी जीर्ण शीर्ण थी। भगवान की प्रेरणा से नरेश शर्मा(श्याम) ने आगे बढ़ कर यहां मंदिर को बनाने की जिम्मेदारी उठाई । इस दौरान काफी संघर्ष भी करना पड़ा लेकिन ईश्वर की इन पर कृपा थी । इनके भाग्य में मंदिर निर्माण लिखा था । और देखते ही देखते 500 गज में बहुत ही विशाल मंदिर का निर्माण हो गया।

# बीसीएमओ डॉ. पूरणचंद गुर्जर ने स्वास्थ्य केन्द्रों का किया वर्चुअल निरीक्षण



### समय पर नहीं पहुँचे कर्मचारी, जारी किया नोटिस

### कर्तव्य के प्रति लापरवाही बरतने पर होने वाली कार्यवाही के लिये सम्बंधित कार्मिक होगा जिम्मेदार

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

**कोटपूतली ।** बीसीएमओ डॉ. पूरणचंद गुर्जर ने गुरूवार को विभिन्न स्वास्थ्य केन्द्रों का वर्चुअल निरीक्षण किया। इस दौरान कई स्वास्थ्य केन्द्रों पर कर्मचारी अपने कर्तव्य स्थल पर अनुपस्थित पाये गये। समय पर स्वास्थ्य केन्द्रों पर नहीं पहुँचने पर बीसीएमओ डॉ. गुर्जर ने नाराजगी जाहिर करते हुये कहा कि अपने कर्तव्य के प्रति लापरवाही बरतने वाले कर्मचारियों के प्रति विभागीय कार्यवाही अमल में लाई जायेगी। जिसके लिये सम्बंधित कार्मिक स्वयं जिम्मेदार होगा। उन्होंने कहा कि यदि कोई कर्मचारी बार-बार निर्देशों के बावजूद भी लापरवाही बरतता है तो उसके वेतन रोकने एवं सीसीए नियमों के तहत कार्यवाही प्रस्तावित कर दी जावेगी। उन्होंने कहा कि मौसमी बीमारियों और हीटवेव को लेकर स्वास्थ्य विभाग सख्त है। उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा है कि इस दौरान किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जायेगी। बीसीएमओ डॉ. गुर्जर ने सभी स्वास्थ्यकर्मियों से पूरी जिम्मेदारी और संवेदनशीलता के साथ काम करने का आह्वान किया है ताकि क्षेत्र के लोगों को मौसमी बीमारियों और हीटवेव के दुष्प्रभावों से बचाया जा सके। बीसीएमओ ने कहा कि स्वास्थ्य केन्द्रों पर कर्मचारी गणवेश मय आईडी कार्ड के समय पर उपस्थिति सुनिश्चित करें।

**नियमित टीकाकरण कार्यक्रम की समीक्षा की-** बीसीएमओ डॉ. पूरणचन्द गुर्जर ने गुरूवार को विभिन्न स्वास्थ्य केन्द्रों पर आयोजित किये गये नियमित टीकाकरण कार्यक्रम की समीक्षा करते हुये कहा कि टीकाकरण कार्य बेहद जिम्मेदारी के साथ सम्पादित किया जायें। इसमें किसी भी प्रकार की कोई लापरवाही नहीं बरती जायें। उन्होंने नियमानुसार टीकाकरण करने, सभी टीके समय पर लगाने, टीकों की ऑनलाईन यूविन एप व पीसीटीएस में एन्ट्री करने, एईएफआई किट, बायोवेस्ट मैनेजमेंट समेत अन्य सभी प्रकार की सावधानी बरतने के निर्देश दिये।

**राष्ट्रीय डेंगू दिवस पर होगी विभिन्न गतिविधियां-** शुक्रवार 16 मई को राष्ट्रीय डेंगू दिवस के अंतर्गत विभिन्न जागरुकता गतिविधियों का आयोजन किया जायेगा। बीसीएमओ डॉ. पूरणचन्द गुर्जर ने बताया कि स्वास्थ्यकर्मियों द्वारा सर्वे, एंटीलार्वा समेत अनेक गतिविधियों का आयोजन किया जायेगा।

# जनसुनवाई में पहुंचे अशोक कुमार को 4 लाख 25 हजार की मुआवजा राशि का चेक किया प्रदान

### विद्युत दुर्घटना से पीड़ित भालोजी के अशोक कुमार का सहारा बनी सरकारी सहायता



**कोटपूतली ।** कलेक्ट्रेट में गुरुवार को जिला स्तरीय जनसुनवाई के दौरान तहसील कोटपूतली के ग्राम भालोजी निवासी अशोक कुमार पुत्र छीतर मीणा जिला कलक्टर के समक्ष अपनी समस्या लेकर पहुंचे। उन्होंने बताया कि वह विद्युत जनित एक दुर्घटना के शिकार हो गए थे, जिससे वे 85 प्रतिशत तक शारीरिक रूप से अपंग हो गए थे। उन्होंने मुआवजा राशि को लेकर अपनी समस्या जिला कलक्टर को बताई। अशोक कुमार की शिकायत पर जिला कलक्टर ने मानवीय दृष्टिकोण अपनाते हुए तुरंत संज्ञान लेकर सम्बन्धित अधिकारी से मुआवजा राशि की प्रगति की पूर्ण जानकारी लेकर परिवादी को तुरंत राहत प्रदान करने के निर्देश दिए। परिणामस्वरूप जनसुनवाई के पश्चात अधीक्षण अभियंता विद्युत विभाग मनोज गुप्ता के निर्देशन में अधिकारियों की समझाइश के पश्चात परिवादी अशोक कुमार को विद्युत निगम के प्रावधानों के अनुरूप निर्धारित मुआवजा राशि 4 लाख 25 हजार रुपये का चेक सुपुर्द किया गया। उन्होंने सरकार और जिला प्रशासन को धन्यवाद ज्ञापित किया।

# मातृ दिवस पर किया माताओं का सम्मान

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस



» धौलपुर. कार्यक्रम में उपस्थित महिला पदाधिकारी

**धौलपुर।** अग्रसेन भजन संगिनी द्वारा गंगा बाई की बगीची में अग्रसेन भजन संध्या व मदर डे का कार्यक्रम रखा गया। कार्यक्रम के दौरान मदर डे के अवसर पर मां बेटी की थीम रखी गई इस पर इन्होंने मां बेटी के रिश्तों की भूमिका निभाई। इन्हें भजन द्वारा उत्कर्ष भूमिका निभाने पर मोहिनी व मोनिका को सम्मानित किया गया। समाजसेवी रजनी मोदी द्वारा मां की महत्वता के बारे में कहा की मां ही जीवन की पहली पाठशाला होती है, वहीं बच्चों के जीवन को संवारने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। इस अवसर पर कई खेल प्रतियोगिताएं आयोजित की गई। जिस पर अधिक से अधिक महिलाओं ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया तथा विजयी महिलाओं को पुरस्कृत किया गया। गर्मियों के अवसर पर सभी महिलाओं ने जीव जंतुओं के लिए पानी की व्यवस्था का संकल्प कर शपथ ली। इस अवसर पर इस कार्यक्रम की भोगप्रसादी आशा अग्रवाल व सीमा सिंघल द्वारा की गई। इस कार्यक्रम में रजनी मोदी, आशा, पूनम, प्रवीणा, अंजू, मंजू, निधि, शिल्पी, चांदनी, संगीता, शारदा, अपर्णा, बॉबी, राजकुमारी, सीमा, मोना, मिनी, अनीता, रमा, डॉली, मधु, विधि, गायत्री, दीप्ति, माधुरी, शालिनी, नेहा, भावना, नीतू, श्याम प्यारी इत्यादि महिलाओं ने भाग लिया।



## 'आपकी शिक्षा आपका सम्मान' ग्रुप के सदस्यों ने कौनेसा गांव में लगाए परिंडे

**धौलपुर।** 'आपकी शिक्षा आपका सम्मान' ग्रुप के सदस्य अक्षय अध्यापक, बृजकिशोर, वीर सिंह अध्यापक, महेंद्र ठेकेदार, हरिओम, रामवीर प्रजापति, लक्ष्मीनारायण टीटीई, हीरालालजी राज. पुलिस, हेमा, मदन सिंह, हरिकेश भगवान सिंह अध्यापक, जयवर्धन अध्यापक, केशव अध्यापक, भगवान सिंह, मोहन, नीरज, अमन, टिंकू विकेश आदि युवाओं ने आपस में मिलकर बड़े बुजुर्गों के सहयोग से गांव के धार्मिक स्थलों, गांव के विद्यालय प्रांगण, व गांव की गलियों में, आपस में मिलकर पक्षियों के लिए लगभग 50 परिंदे लगाए।

# राजस्थान पंचायती राज एवं माध्यमिक शिक्षक संघ ने सरकार को भेजा 6 सूत्री मांग पत्र



» धौलपुर. जिला कलेक्ट्रेट पर ज्ञापन देने आए शिक्षक संघ के पदाधिकारी

### तबादलों से रोक हटाकर तृतीय श्रेणी शिक्षकों के स्थानांतरण शुरू करने व 5 वर्षों से रुकी हुई डीपीसी की मांग

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

**धौलपुर।** राजस्थान पंचायती राज एवं माध्यमिक शिक्षक संघ के पदाधिकारियों ने कर्मचारी महासंघ के जिलाध्यक्ष राजेश शर्मा के नेतृत्व में जिला कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन कर मुख्यमंत्री व मुख्य सचिव के नाम अतिरिक्त जिला कलक्टर को 6 सूत्रीय मांग पत्र सौंपा गया। संघ के जिलाध्यक्ष हरीसिंह गुर्जर ने कहा कि एक दशक से घर परिवार से दूर हजारों शिक्षक शिक्षिका दूसरे जिलों में कार्य कर गृह जिलों में जाने की बाट जोह रहें हैं। लेकिन साल 2018 के बाद तृतीय श्रेणी शिक्षकों के एक बार भी तबादले नहीं किए गए हैं। प्रत्येक दल द्वारा सरकार में आने से पूर्व स्थानांतरण नीति बनाने की बात की जाती है। लेकिन सरकार में आने के बाद नीति लागू करने और तबादले करने से मुकर जाते हैं। जिसको लेकरप्रदेश के ढाई लाख तृतीय श्रेणी शिक्षकों में बेहद आक्रोश बढ़ता जा रहा है। संघ के सभाध्यक्ष अलिंद चौहान ने क्रमोन्नत उच्च माध्यमिक

स्कूलों में वरिष्ठ व्याख्याताओ के पद सृजित करने की मांग की। जिलामंत्री चंद्र शेखर शर्मा ने बताया कि सरकार को प्रेषित ज्ञापन में शिक्षा विभाग में तबादलों से प्रतिबंध हटाकर तृतीय श्रेणी शिक्षकों सहित सभी कैडर के स्थानांतरण शुरू कराने, तृतीय श्रेणी अध्यापक से वरिष्ठ अध्यापक पद पर 5 सत्रों से अटकी पदोन्नतियां जल्द कराये जाने, वर्ष 2005 से 2008 के मध्य शिक्षा नियुक्त प्रबोधक एवं शिक्षकों की छठे वेतनमान में 11170 रुपए मूल वेतन की विसंगति दूर कराते हुए 7 वें वेतनमान के अनुसार 12900 मूल वेतन पर निर्धारित कराकर इन कार्मिकों की वर्षों से चली आ रही वेतन विसंगति को दूर कराते हुए राहत दिलाए जाने, प्रारंभिक एवं माध्यमिक शिक्षा के स्कूलों में स्टाफिंग पैटर्न कराते हुए सभी नवक्रमोन्नत उच्च माध्यमिक विद्यालयों में हिंदी व अंग्रेजी अनिवार्य विषयों सहित सभी विषयों के व्याख्याताओं के पद श्रृजित कराये जाने तथा प्रबोधक सेवा नियमों में संशोधन कर प्रबोधक का पद नाम अध्यापक कराते हुए वरिष्ठ प्रबोधक के पद पर पदोन्नति वर्तमान विद्यालयों के स्थान पर मीडिल स्कूल प्रधानाध्यापक एवं उच्च माध्यमिक विद्यालयों में दिलाए जाने तथा महात्मा गांधी इंग्लिश मीडियम स्कूलों में चयन परीक्षा के माध्यम से सफल शिक्षकों को पोस्टिंग दिलाए जाने की मांग की गई है। इस मौके पर बड़ी संख्या में संगठन के पदाधिकारी मौजूद रहे।

# पार्षद पालिका क्षेत्र की जनता को निजात दिलाने की अपील, एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस



**राजाखेड़ा।** नगर पालिका के भारतीय जनता पार्टी के पार्षद लोकेंद्र सिंह चौहान ने उपखंड अधिकारी को ज्ञापन देकर राजाखेड़ा नगर पालिका की जनता के लिए उपखंड अधिकारी से निजात की अपील की एवं राजाखेड़ा मे बहु व्याप्त जो काफी समय से चली आ रही समस्याओं के संबंध में राजाखेड़ा उपखंड अधिकारी वर्षा मीणा से राजाखेडा की समस्याओं से अवगत कराने के लिए मुलाकात की, राजाखेड़ा नगर पालिका के भारतीय जनता पार्टी के पार्षद लोकेंद्र सिंह चौहान ने बताया की आगामी मौसम से पूर्व ही सभी नालों की सफाई हो जिससे कि पूर्व मे बरसात के मौसम मे आयी समस्याओं से राजाखेड़ा की जनता को निजात मिले सके। इसलिए बरसात के मौसम से पहले ही नालों, पौखर की पूर्ण रूप से सफाई की जाए, वर्तमान समय के अनुसार अत्यधिक गर्मी को देखते हुए उनसे निवेदन किया कि जनता और बाहर के लोगों के लिए राजाखेड़ा बाजार में पीने के पानी की उचित व्यवस्था की जाए इसमे पानी के लिए वाटर कुलर या ठंडे पानी के लिए मटको की व्यवस्था की जाए जिससे जनता को गर्मी से निजात मिले, राजाखेड़ा मे मौहल्ले जिनमे अभी भी कीचड़ से लोग बहुत परेशान है, बच्चों को विद्यालय मे आने जाने मे बहुत समस्याओं का सामना करना पड़ता है, उपखंड अधिकारी से निवेदन किया कि रोडो का निर्माण किया जाए जिससे लोगों को सुगमता प्रदान हो, उपखंड अधिकारी ने आश्वासन दिया कि जल्दी ही सभी समस्याओं का निस्तारण तुरंत प्रभाव से कर दिया जाएगा।

# एसबीजीबीटी के रक्तदाता ने किया अपने जीवन का 34वां रक्तदान

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस



**धौलपुर।** जिले के बाडी उपखंड के गांव हाँसई के रहने वाले लवकुश को सूचना मिली कि टीम के रक्तदाता कमलसिंह मीणा की बुआ जी कैंसर से पीड़ित है जो स्टेट कैंसर चिकित्सालय प्रतापनगर जयपुर में भर्ती है। उनको ब्लड की शख्त आवश्यकता है एक यूनिट तो उनके बेटे ने डोनेट कर दिया है लेकिन अभी एक यूनिट की और जरूरत है, लवकुश उस समय जयपुर ही अपने रूम पर पढ़ाई कर रहे थे केस की जानकारी मिलते है लवकुश तुरंत ब्लड बैंक गए और अपने जीवन का 34वां रक्तदान कर मरीज की मदद की रक्तदाता लवकुश का कहना है कि अगर मेरा रक्त किसी के काम आता है तो यह मेरे लिए बहुत खुशी की बात है, जो लोग रक्त दान से डरते हैं उनके लिए रक्तदाता लवकुश मीणा ने संदेश दिया है कि वह रक्तदान से डरें नहीं रक्तदान से किसी भी प्रकार की कोई कमजोरी नहीं आती है, मै खुद अब तक 34 बार रक्तदान कर चुका हूं प्रत्येक स्वस्थ व्यक्ति जिसकी उम्र 18 साल से 60 साल के बीच है और उसका बजन 50 किलोग्राम से ज्यादा है वह प्रत्येक व्यक्ति प्रत्येक 90 दिन बाद रक्तदान कर सकता है रक्तदान से न सिर्फ मरीज की जान बचती है बल्कि यह खुद के लिए भी लाभदायक है, इसलिए प्रत्येक स्वस्थ व्यक्ति को 90 दिन बाद रक्तदान अवश्य करना चाहिए

# जिला उपभोक्ता मंच के अध्यक्ष डॉ. कुमार का ग्राहक पंचायत के पदाधिकारियों द्वारा स्वागत



» धौलपुर.जिला उपभोक्ता मंच अध्यक्ष का स्वागत करते पदाधिकारी

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

**धौलपुर।** जिला उपभोक्ता मंच के नए अध्यक्ष डॉ. अरुण कुमार के द्वारा कार्यग्रहण करने पर अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत सदस्यों ने जिलाध्यक्ष बलवीर सिंह राना की अगुवाई में पगड़ी व फूलमाला पहनाकर स्वागत किया। जिला उपभोक्ता मंच में अध्यक्ष का पद काफी दिनों से रिक्त था। अध्यक्ष के पद रिक्त रहने से जिला उपभोक्ता मंच में दायर अपीलों की कोई सुनवाई नहीं हो पा रही थी इस कारण अपीलकर्ताओं को उनके द्वारा दायर केसों में फैसला होने में काफी विलंब हो रहा था। अब नए अध्यक्ष के कार्यग्रहण करने से त्वरित गति से केसों का निपटारा हो सकेगा।

उल्लेखनीय हैं कि अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत के कार्यकर्ता राष्ट्रीय स्तर से लेकर छोटे से छोटे गांव स्तर पर भी ग्राहकों को उनके अधिकारों के प्रति सजग करने एवं उसे उचित मूल्य पर अच्छी गुणवत्ता, सही नाप, विक्रय उपरांत सेवा एवं अच्छा व्यवहार दिलाना है। इस संगठन की सबसे बड़ी उपलब्धि उपभोक्ता सरंक्षण अधिनियम 1986 को लागू करवाना रहा है। आर्थिक शोषण से मुक्त समाज की स्थापना के लिए विभिन्न गोष्ठियों, ग्राहक जागरण पखवाड़ा एवं जिला प्रशासन व जिला रसद अधिकारी के माध्यम से अपने कार्य को अंजाम देते है।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष बलवीर सिंह राना ने कहा कि जिला उपभोक्ता मंच में नए अध्यक्ष के आने से मंच पर दायर विभिन्न प्रकरणों में त्वरित गति से सुनवाई होकर अपीलकर्ताओं को न्याय मिल सकेगा। ग्राहक पंचायत के कार्यकर्ताओं की संबोधित करते हुए डॉ अरुण कुमार ने बताया कि वे इस उपभोक्ता न्यायालय में लंबित विभिन्न प्रकरणों की प्रतिदिन सुनवाई करके इनको अतिशीघ्र निपटाया जाएगा ताकि उपभोक्ता न्यायालय में दायर केसों की संख्या का दवाब कम होकर दैनिक कार्य सुगमता से निपटाए जा सके।

स्वागत कार्यक्रम में शिशुपाल यादव प्रांत उपाध्यक्ष ग्राहक पंचायत, श्रीमती गीता चाहर जिला महिला अध्यक्ष, श्रीमती राधा शर्मा जिला महिला सचिव, दाऊजी शर्मा सदस्य प्रांत कार्यकारिणी, देवेंद्र सिंह कश्यप जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष, दीपक शर्मा संगठन मंत्री, रामवीर सिकरवार सचिव, बलवीर सिंह तोमर रीडर जिला उपभोक्ता मंच आशीष सिंघल जिला कोषाध्यक्ष, देवेंद्र चाहर जिला उपाध्यक्ष, शुभम शर्मा अध्यक्ष युवा मोर्चा, सतीश, मनीष एवं अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# कर्नल सोफिया, विदेश सचिव की बेटी व हिमांशी नरवाल के खिलाफ अपमानजनक व नफरती अभियान चलाने की कड़ी निंदा की

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

**धौलपुर।** अध्यापकों के स्थानांतरण, पदोन्नति तथा राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 जैसे ज्वलंत मुद्दों को लेकर राजस्थान शिक्षक संघ (शेखावत) द्वारा घोषित राज्यव्यापी शिक्षक आंदोलन को सफल बनाने के लिए राज्य महिला शिक्षक उप समिति तथा जिला महिला शिक्षक उप समितियों की साझा वर्चुअल बैठक संगठन की प्रदेश उपसभाध्यक्ष सुमन भानुका की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक का सफल संचालन प्रांतीय उपाध्यक्ष सुनिता सिहाग ने किया। बैठक में लगभग एक सौ शिक्षक नेत्रियों और जागरूक महिला शिक्षकों ने भागीदारी की।

संघर्ष समिति के संयोजक पोखरमल ने आंदोलन के आगामी चरणों की जानकारी देते हुए बैठक में बताया कि 20 मई को सभी जिलों में मांगों को लेकर शिक्षक प्रदर्शन करेंगे और 21 मई को सभी संभागों से शिक्षकों के वाहन जत्थे राजधानी के लिए रवाना होंगे। ये वाहन जत्थे संभाग के सभी ब्लॉकों से होकर गुजरेंगे और शिक्षकों की बैठकों व सेमिनारों का आयोजन करेंगे। मांगों से शिक्षकों को अवगत करवाते हुए आंदोलन में सक्रियता से शामिल होने की अपील की जाएगी। इस दौरान आमजन से संपर्क कर सरकार की शिक्षा विरोधी नीति से नागरिकों को अवगत करवाएंगे। विभिन्न संभागों से चलकर ये वाहन जत्थे 26 मई को सीकर, किशनगढ़, टोंक तथा दौसा पहुंचेंगे और 27 मई को इन चारों स्थान से हजारों शिक्षक राजधानी जयपुर की ओर पैदल कूच करेंगे। 2 जून को राजधानी की चारों दिशाओं से हजारों शिक्षक जयपुर में प्रवेश करेंगे और खिलाफत जलसे का आयोजन करेंगे। प्रदेश प्रवक्ता यादवेन्द्र शर्मा ने वताया कि बैठक में विचार विमर्श के बाद निर्णय लिया गया कि 21 मई को शुरू होने वाले वाहन जत्थों में महिला शिक्षक कार्यकर्ता शामिल होंगी और पैदल मार्च में सैंकड़ो महिला शिक्षक भागीदारी करेंगी। महिला शिक्षकों ने संगठन से आग्रह किया कि स्थानांतरण तथा पदोन्नति की मांगे माने जाने तक आंदोलन जारी रखा जाए और साथ ही संकल्प प्रकट किया कि महिला शिक्षक आंदोलन में निरंतर सहयोग प्रदान करेंगी। बैठक में शिक्षकों पर गैर शैक्षिक कार्य थोकने का कड़ा विरोध किया गया। बैठक में महिला शिक्षकों द्वारा देश में कुछ लोगों द्वारा महिलाओं को अपमानित और पीड़ित करने के लिए चलाए जा रहे अभियान पर क्षोभ प्रकट किया। बैठक में सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित कर मध्य प्रदेश के एक वरिष्ठ मंत्री द्वारा कर्नल सोफिया कुरैशी तथा भारतीय सेना को अपमानित करने, इससे पूर्व पहलगाम में आतंकियों के हाथों शहीद हुए फौजी अफसर की पत्नी हिमांशी नरवाल तथा विदेश सचिव विक्रम मिसरी की बेटी को अमानवीय नफरती अभियान चलाकर अपमानित करने और उन्हें मानसिक पीड़ा पहुंचाने की कड़ी निंदा की गई और सरकार से ऐसे असामाजिक तत्वों के खिलाफ कठोर कार्रवाई करने की मांग की गई। बैठक को राजस्थान शिक्षक संघ (शेखावत) की प्रदेश मंत्री अंजू दुल्लड़, सहसंयोजक एवं महिला उप समिति की झुंझुनू जिला संयोजक उम्मेद झाझड़िया, सीकर जिला संयोजक संतोष ढाका के अलावा सविता कूकना, सरस्वती मारू, मणिका देवी, पुष्पा वरदान, रेणु बाला, सपना यादव, कमला चौधरी ने विचार विमर्श में हिस्सा लिया। शिक्षक संघ के प्रदेशाध्यक्ष महावीर सिहाग, महामंत्री उपेंद्र शर्मा, कोषाध्यक्ष राधेश्याम यादव, उपाध्यक्ष हेमंत खराड़ी तथा डीडवाना कुचामन के जिला मंत्री मोहम्मद शकील ने भी बैठक को संबोधित किया।

## मां नर्मदा की 3700 किलोमीटर की पैदल यात्रा कर लौटने पर मुकेश शर्मा का किया स्वागत

**धौलपुर।** मुकेश शर्मा पुरानी छावनी वाले लीला बिहार कॉलोनी मिडवे के पीछे 15 दिसम्बर 2024 को मां नर्मदा की पैदल यात्रा प्रारम्भ की जो 15 मई 2025 में करीब 3700 किलोमीटर पैदल चल कर पुरी की। जो अपनीआप में बहुत बड़ी बात है। धौलपुर पहुंचने पर उन्हें लेने के लिये रेलवे स्टेशन पर उनके परिवारीजन विश्वम्भर दयाल शर्मा, राजेन्द्र नाथ शर्मा, संजय शर्मा, सुनील शर्मा, विजय शर्मा, हरेन्द्र शर्मा, बालकिशन शर्मा, सलज शर्मा, हिमान्शु शर्मा, रजत शर्मा, भव्यदीप शर्मा व मित्र मण्डली उपस्थित रहे।



# विद्यालय में लगाये 31 परिंडे



हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

**धौलपुर।** गुरुवार को राजकीय प्राथमिक विद्यालय महारपुर, ग्राम पंचायत मढ़ासिल, ब्लॉक सरमथुरा में बढ़ती गर्मी और उमस तथा पर्यावरण को देखते हुए बेजुबान पक्षियों के लिए 31 परिंडे स्थानीय विद्यालय के वृक्षों पर लगाए गए। इस कार्यक्रम की ग्राम पंचायत शिक्षा अधिकारी श्रद्धेय साहब सिंह मीणा ने प्रशंसा की तथा कार्यकम को सराहा। विद्यालय के संस्था प्रधान नरेंद्र सिंह ने बताया कि हर वर्ष की भांति इस गर्मी में भी बेजुबान पक्षी पानी को लेकर परेशान न रहे उन्हें गर्मी से राहत मिल सके इसलिए ये प्रयास किया गया है।कार्यक्रम को लेकर स्थानीय सरपंच प्रतिनिधि राजकुमार जादौन ने अपना आभार व्यक्त किया। इस कार्यक्रम में पीईईओ विधालय मढ़ासिल से पिंटू मीणा व्याख्याता, गहलोत बैरवा वरिष्ठ अध्यापक, रामकुमारी मीणा अध्यापिका,र ामप्रसाद मीणा, नरेंद्र सिंह प्रधानाध्यापक, वरिष्ठ अध्यापक, चंदन मीणा, अध्यापक, हिमांशु इंटर्नशिप अभ्यर्थी, मोहित, पशु चिकित्सक विजय राम,एस एम सी अध्यक्ष रिंकू जादौन, तथा ग्रामवासी मौजूद रहे।

# बालिका विद्यालय की छात्राओं ने धौलपुर पेनोरमा का किया भ्रमण



हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

**धौलपुर।** राजस्थान सरकार की पहल के अंतर्गत राजस्थान धरोहर संरक्षण एवं प्रोन्नति प्राधिकरण धौलपुर पेनोरमा तीर्थराज मचकुंड परिसर में खोला गया है। इसी क्रम में राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय धौलपुर की छात्राओं ने मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी धौलपुर दामोदर लाल मीणा एवं प्रधानाचार्य अर्चना मिश्रा के निर्देशन में छात्राओं का दल पेनोरमा के दर्शन एवं भ्रमण हेतु रवाना हुआ। राज्य पुरस्कृत व्याख्याता भगवान सिंह मीना, शारीरिक व्याख्याता बृजेंद्र सिंह, व्याख्याता प्रीति कुमारी, वरिष्ठ अध्यापक वीर सिंह टांक के नेतृत्व में छात्राओं ने पेनोरमा भ्रमण कर भगवान श्रीकृष्ण की लीलाओं सहित अन्य आध्यात्मिक जानकारियों से रूबरू हुए। विद्यार्थियों ने धरोहर संरक्षण परियोजनाओं के बारे में जाना और बेहद शानदार बताया। व्याख्याता भगवान सिंह मीना ने बताया कि पैनोरमा स्वस्थ समाधान की एक साझेदारी पहल है, जिसका उद्देश्य संरक्षण और सतत विकास विषयों की एक श्रृंखला में प्रेरक, अनुकरणीय समाधानों के उदाहरणों को दस्तावेजित करना और बढ़ावा देना है, जिससे विभिन्न क्षेत्रों में सीखने और प्रेरणा को सक्षम किया जा सके। पैनोरमा व्यवसायियों को अपने अनुभवों को साझा करने और उन पर विचार करने, सफल कार्य के लिए मान्यता बढ़ाने, तथा अपने साथियों के साथ यह सीखने का अवसर देता है कि विश्व भर में समान चुनौतियों का किस प्रकार समाधान किया गया है। छात्राओं ने भगवान श्री कृष्ण की बाल लीलाओं एवं बलिदाऊ और अन्य आध्यात्मिक ज्ञान के बारे में अपनी शंकाओं का समाधान किया। उन्होंने बताया कि यह उनके यादगार पलों में से एक था। पेनोरमा के दर्शन हेतु बच्चों की 5 रुपए एवं वयस्क की 10 रुपए की टिकट कटती है। इस अवसर पर कई अन्य स्कूलों के विद्यार्थियों सहित आमजन उपस्थित रहे।

# राउमावि मनियां में नवप्रवेशित विद्यार्थियों का किया सम्मान

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस



**धौलपुर।** शिक्षा विभाग में चल रहे प्रवेशोत्सव कार्यक्रम के तहत रा उच्च मा विद्यालय मनियां में नव प्रवेशित बालक बालिकाओं का भव्य कार्यक्रम में तिलक लगाकर व माला पहनाकर स्वागत किया गया। नव प्रवेश उत्सव की श्रृंखला में रा उच्च मा वि मनियां में ड्रॉप आउट और प्रवेश से अब तक वनचित रहे। बच्चों को प्रवेश दिलाया गया। इस अवसर पर प्रधानाचार्य अतेंद्र वशिष्ठ ने बताया कि विद्यालय में बच्चों को उत्तम शिक्षा के साथ साथ उनका संपूर्ण विकास हो इस दिशा में काम किया जा रहा है। कार्यक्रम का संचालन करते हुए सुरेंद्र शर्मा ने बताया कि यह विद्यालय निरंतर विकास कर रहा है। विद्यालय का वातावरण पूरी तरह से शिक्षा के अनुकूल है। उन्होंने अभिभावकों से ज्यादा से ज्यादा प्रवेश करवाने की अपील की। सभी बालक बालिकाओं का अभिनंदन किया गया। इस अवसर पर व्याख्याता महेश प्रताप सिंह, रामविलास शर्मा, विजय सिंह, राजीव तोमर, सुमन चाहर, भावना शर्मा, ऋतु सक्सेना, राजेंद्र गर्ग, संतोष कुमार, सोन सिंह, वीरेंद्र सिंह, अनीता गुप्ता, सुमन त्यागी, महेंद्र सिंह, रामदास अमर सिंह चौधरी आदि उपस्थित रहे। संचालन सुरेंद्र शर्मा द्वारा किया गया।

## पीटीईटी 2025 परीक्षा के लिए नोडल अधिकारी नियुक्त

**धौलपुर।** वर्धमान महावीर खुला विश्वविद्यालय कोटा द्वारा आयोजित पीटीईटी 2025 परीक्षा के लिए नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। जिला कलक्टर श्रीनिधि बी टी ने बताया कि वर्धमान महावीर खुला विश्वविद्यालय कोटा द्वारा 15 जून को प्रातः 11 बजे से 2 बजे तक आयोजित पीटीईटी 2025 परीक्षा के सफल आयोजन के लिए अतिरिक्त जिला कलक्टर हरिराम मीना मोबाईल नम्बर 9414334790 को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है।

OFFICE OF BLOCK DEVELOPMENT OFFICER P.S. SARMATHURA (DHOLPUR)

No.193 Date: 12/05/2025

**Notice Inviting Bid**

Bids for Rural Sanitation Works are invited From interested Bidders up to 06:00 PM 23/5/2025, other Particulars of the Bid may be Visited on the proucurement portal http//eproc.rajasthan.gov.in, http//sppp.raj.nic.in of the State.

**UBN No.** ZDH2526SSRC00146-166, ZDH2526SSOB00165

**Block Development Officer**
**Panchayat Samiti Sarmathura**

**कार्यालय नगर परिषद धौलपुर (राज.)**

क्रमांकः /2008-2009 दिनांक :- 14.05.2025

**हस्तान्तरण आपत्ति विज्ञप्ति**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नीचे वर्णित आवेदकगण अपनी क्रय शुदा/ पट्टा शुदा भूमि का नामान्तरण अपने हक में कराना चाहा है इस संबंध में किसी को कोई आपत्ति/ऐतराज हो तो प्रमाण सहित दस्तावेज 7 दिवस में कार्यालय में प्रस्तुत करें अन्यथा बाद गुजरने अवधि एक पक्षीय निर्णय करते हुए नामान्तरण की कार्यवाही आवेदक के पक्ष में कर दी जावेगी। सूचित हों।

| क्र. सं | आवेदक का नाम | वर्गगज |
|---|---|---|
| 1. | श्री राजकुमार डागुर स्व. घनश्याम सिंह निवासी नृसिंह रोड धौलपुर | भू.सं. 55 क्षेत्रफल 272 वर्गगज प्रेरणा नगर धौलपुर |

**अशोक कुमार शर्मा**
**आयुक्त, नगर परिषद धौलपुर**

# संपादकीय

## नापाक हरकतों से बाज नहीं आ रहा चीन, फिर से बदले अरुणाचल प्रदेश के कई स्थानों के नाम



चीन अच्छी तरह जानता है कि केवल जगहों के नाम बदल देने से वह इलाका उसका नहीं हो जाएगा। मगर फिर भी इस तरह की हरकतें करके वह समझता है कि अंतरराष्ट्रीय समुदाय उसे स्वीकार कर लेगा। भारतीय जमीन पर दावेदारी जताने की युक्तियां चीन सदा से खोजता रहता है। अरुणाचल को वह अपना हिस्सा बताता रहा है। उसके सैनिक वास्तविक नियंत्रण रेखा लांघने का प्रयास करते हैं। इस वजह से कई मौकों पर दोनों देशों के बीच तनाव बढ़ जाता है। करीब पांच वर्ष पहले उसके सैनिक गलवान घाटी में घुस आए थे, जिन्हें रोकने में खूनी संघर्ष हुआ। तबसे दोनों देशों के रिश्ते तनावपूर्ण बने हुए हैं। इस बीच उसने अरुणाचल की कुछ जगहों के नाम बदल कर यह जताने का प्रयास किया कि वे उसका हिस्सा हैं। 2017 में उसने अरुणाचल प्रदेश के छह स्थानों के नए नाम की सूची जारी की थी।उसके बाद 2021 में पंद्रह स्थानों वाली दूसरी सूची और 2023 में ग्यारह अतिरिक्त स्थानों के नाम वाली एक और सूची जारी की थी। पिछले महीने तीस स्थानों के नाम बदल कर उसने एक और सूची जारी कर दी। अब कुछ और जगहों के नाम बदल दिए हैं। उसकी इस हरकत पर हर बार भारत की तरफ से तीखी प्रतिक्रिया दी जाती रही है, फिर भी वह अपनी चालबाजी से बाज नहीं आता। भारत ने फिर दोहराया है कि अरुणाचल हमेशा से भारत का अंग रहा है और रहेगा। नाम बदल देने से कोई जगह किसी और की नहीं हो जाती। हालांकि भारत और चीन की सीमारेखा बहुत पहले से चिह्नित है, मगर चीन अपनी विस्तारवादी नीति के तहत उसे मानने से इनकार करता रहा है। भारत के हिस्से की जमीन पर कब्जा करने के इरादे से वह चोरी-छिपे और चालबाजी से घुसपैठ करने की कोशिशें करता रहता है। इसी नीति के तहत वह भारत के पड़ोसी देशों में अपनी पैठ बना कर पुलों, सड़कों, व्यावसायिक केंद्रों आदि का निर्माण कर भारत की सीमा पर तनाव पैदा करने की कोशिश करता रहा है। मगर भारत की सामरिक शक्ति और रणनीतिक सूझ-बूझ के चलते उसे कामयाबी नहीं मिल पाती। अभी आपरेशन सिंदूर के तहत भारत ने पाकिस्तान समर्थित आतंकवादी ठिकानों को ध्वस्त करने का अभियान चलाया, तब भी चीन उसके समर्थन में उतर आया। भारत ने जब भी पाकिस्तान में पनाह पाए आतंकियों को अंतरराष्ट्रीय आतंकवादियों की सूची में डलवाने का प्रयास किया, चीन संयुक्त राष्ट्र में अपने वीटो का प्रयोग कर उसे रोकने की कोशिश करता रहा है, जबकि पूरी दुनिया आतंकवाद के खिलाफ युद्ध का समर्थन करती रही है। चीन अच्छी तरह जानता है कि केवल जगहों के नाम बदल देने से वह इलाका उसका नहीं हो जाएगा। मगर फिर भी इस तरह की हरकतें करके वह समझता है कि अंतरराष्ट्रीय समुदाय उसे स्वीकार कर लेगा। पिछले ओलंपिक के समय अरुणाचल की दो खिलाड़ियों को इसलिए उसने प्रवेश से रोक दिया था कि अरुणाचल के किसी दस्तावेज पर भारत का नाम वह स्वीकार नहीं करता। कुछ मौकों पर तो वह अरुणाचल को अपने नक्शे में शामिल कर दुनिया के सामने साबित करने की कोशिश कर चुका है कि वह उसका इलाका है। मगर भारत की तरफ से मिले सख्त प्रतिरोध की वजह से उसे हर बार मुंह की खानी पड़ी है। दरअसल, भारत की बढ़ती आर्थिक और सामरिक ताकत चीन को चुभती रही है, इसलिए वह चोरी, चालाकी और चालबाजी से भारत को कमजोर करने की चालें चलता रहता है। विचित्र है कि वह सीमा विवाद को बातचीत के जरिए सुलझाने की बातें तो करता है, पर इसके लिए कोई गंभीर पहल कभी नहीं करता।

# समय को दोष देकर हम अपने कर्तव्यों से बच नहीं सकते, सोच की शुद्धता ही जीवन में ला सकती है सच्चा परिवर्तन

**“बचपन से ही हम यह सुनते आए हैं कि दुनिया तेजी से बदल रही है। लोग कहते हैं- समय बहुत बदल गया है। लेकिन समय वैसा ही है, जैसा पहले था। साल के वही बारह महीने हैं, दिन के वही चौबीस घंटे, सूरज अब भी पूर्व दिशा से ही निकलता है और चंद्रमा आज भी अपनी तय गति से आसमान में चलता है। प्रकृति ने अपनी लय नहीं बदली, ब्रह्मांड का संचालन यथावत है। बदलाव अगर नहीं आया है, तो वह हमारी सोच में, जीवनशैली में और हमारे दृष्टिकोण में।”**



समय वही दिखाता है जो हम हैं। समय को दोष देना छोड़कर अगर हम हर दिन को अवसर की तरह देखें और अपने विचारों तथा कर्मों को उसकी दिशा में लगाएं, तो वही समय जो हमें अब कठिन लगता है, वही हमारी सफलता की कहानी बन सकता है। बचपन से ही हम यह सुनते आए हैं कि दुनिया तेजी से बदल रही है। लोग कहते हैं- समय बहुत बदल गया है। लेकिन समय वैसा ही है, जैसा पहले था। साल के वही बारह महीने हैं, दिन के वही चौबीस घंटे, सूरज अब भी पूर्व दिशा से ही निकलता है और चंद्रमा आज भी अपनी तय गति से आसमान में चलता है। प्रकृति ने अपनी लय नहीं बदली, ब्रह्मांड का संचालन यथावत है। बदलाव अगर नहीं आया है, तो वह हमारी सोच में, जीवनशैली में और हमारे दृष्टिकोण में। हमारी मानसिकता आज ऐसी हो गई है कि हम अपनी असफलताओं और कठिनाइयों का उत्तर समय पर मढ़ देते हैं। हमारी यह आदत बन चुकी है कि जब किसी कार्य में सफलता नहीं मिलती, तो हम तुरंत कह देते हैं- 'अब पहले जैसा समय नहीं रहा।' लेकिन सच्चाई यह है कि समय को दोष देकर हम अपने कर्तव्यों से बच नहीं सकते। समय तो एक मौन साक्षी है, जो न किसी की प्रशंसा करता है, न आलोचना। वह केवल चलता रहता है। हर युग में समय ने किसी को महान बनाया है, तो किसी को नष्ट भी किया है। यह सब उस व्यक्ति की सोच, उसके कर्म और दृष्टिकोण पर निर्भर रहा है। आज हम एक ऐसे दौर में हैं जहां तकनीक, संसाधन और अवसर पहले से कहीं अधिक हैं। बावजूद इसके, लोग अधिक तनावग्रस्त हैं, अधिक असंतुष्ट हैं। इसका कारण केवल बाहरी नहीं, आंतरिक है। हमारी सोच नकारात्मकता से भर गई है, हमारी सहनशीलता में कमी आई है और हमने अपने जीवन की बागडोर दूसरों या 'समय' के हाथों में सौंप दी है। जबकि सच्चाई यह है कि जीवन की दिशा और दशा हमारे ही हाथ में होती है। हम जैसा सोचते हैं, महसूस करते हैं, वैसा ही जीवन बनाते हैं। हमारी इस प्रवृत्ति का असर हमारे परिवार, समाज और राष्ट्र पर भी पड़ता है। जब कोई युवा प्रयास करने से पहले ही यह मान लेता है कि 'अब समय अच्छा नहीं है', तो वह कभी पूरी तरह प्रयास ही नहीं करता। जब कोई बुजुर्ग वर्तमान पीढ़ी की आलोचना करते हुए कहता है कि 'हमारे समय में ऐसा नहीं होता था', तो वह अपनी जिम्मेदारी से बच जाता है। समय को कोसना आसान है, लेकिन आत्ममंथन करना कठिन। और हम आसान रास्ता चुनते हैं। यह प्रवृत्ति केवल व्यक्तियों तक सीमित नहीं रही। यह समाज की सोच बन चुकी है। हम अपने आसपास देख सकते हैं कि कैसे ज्यादातर लोग अपनी असफलता, आलस्य और कमजोरी का कारण समय को मानते हैं। लेकिन वह समय किसी अन्य व्यक्ति के लिए अवसर बन जाता है। इतिहास ऐसे अनगिनत उदाहरणों से भरा पड़ा है, जब विषम परिस्थितियों में भी कुछ लोगों ने असाधारण कार्य किए। उन्होंने समय को साधन नहीं माना, बल्कि साधना का माध्यम बनाया। हमें यह समझना होगा कि सोच की शुद्धता ही जीवन में सच्चा परिवर्तन ला सकती है। कोई भी व्यक्ति एक दिन में सफल नहीं होता, लेकिन हर दिन का छोटा प्रयास मिलकर बड़ी सफलता का आधार बनता है। और यह तभी संभव है जब हम समय से भागें नहीं, बल्कि उसका सम्मान करें, इसका उपयोग करें। समय न किसी के पक्ष में है, न विरोध में। वह केवल अवसर देता है- हर व्यक्ति को, हर दिन को। यह हम पर निर्भर करता है कि हम उस अवसर का क्या करते हैं। जो लोग समय को दोष देने में लगे रहते हैं, वे प्रगति की राह से भटक जाते हैं। वहीं, जो व्यक्ति समय को साधते हैं, अनुशासन में रहते हैं और हर दिन को एक नई शुरूआत मानते हैं, वे अपने जीवन में सफलता की ऊंचाइयां छूते हैं। इसके लिए हमें आत्मचिंतन की आवश्यकता है। हमारी सबसे बड़ी जंग बाहरी हालात से नहीं, हमारी आंतरिक सीमाओं से है। जब तक हम अपनी सोच को परिवर्तित नहीं करेंगे, तब तक कोई भी परिस्थिति हमारे अनुकूल नहीं बन सकती। हमें यह भी स्वीकार करना होगा कि सकारात्मक परिवर्तन केवल सोचने से नहीं आता, उसके लिए निरंतर अभ्यास, अनुशासन और आत्मनियंत्रण चाहिए। हमें खुद को उन आदतों से मुक्त करना होगा जो हमारी प्रगति में बाधा बनती हैं। जैसे टालमटोल की प्रवृत्ति, दूसरों को दोष देना, और निरंतर शिकायत करना। जब हम इन आदतों से ऊपर उठते हैं, तभी हम जीवन की वास्तविक उन्नति की ओर बढ़ सकते हैं। परिवर्तन की यात्रा स्वयं से शुरू होती है। अगर हम चाहते हैं कि समाज बदले, देश बदले, तो पहले हमें स्वयं को बदलना होगा। अपने विचारों को ऊंचा करना होगा, अपने कार्यों को उद्देश्यपूर्ण बनाना होगा और हर दिन को एक नई शुरूआत की तरह जीना होगा। यही वह रास्ता है जो हमें अंधकार से प्रकाश की ओर ले जाता है।

अपने बच्चों को भी हमें यही सिखाना चाहिए कि समय को दोष देना एक कमजोर सोच है। उन्हें यह सिखाना होगा कि हर परिस्थिति में कुछ न कुछ सकारात्मक पाया जा सकता है, अगर दृष्टिकोण सही हो। इसके लिए सबसे जरूरी है कि हम स्वयं उस सकारात्मकता के उदाहरण बनें। हमारे कर्म, हमारी ईमानदारी और हमारी जीवनशैली ही उनके लिए सबसे बड़ा प्रेरणा स्रोत हो सकती है। समय एक दर्पण की तरह है। वह वही दिखाता है जो हम हैं। अगर हम उसमें सफलता, आशा और ऊर्जा देखना चाहते हैं, तो पहले हमें वह सब अपने भीतर पैदा करना होगा। समय को दोष देना छोड़कर अगर हम हर दिन को अवसर की तरह देखें और अपने विचारों तथा कर्मों को उसकी दिशा में लगाएं, तो वही समय जो हमें अब कठिन लगता है, वही हमारी सफलता की कहानी बन सकता है। समय नहीं बदला है। अगर किसी में बदलाव की जरूरत है, तो वह हम हैं। हमारा दृष्टिकोण, अनुशासन और हमारी कर्मनिष्ठा ही इस जीवन की असली दिशा तय करेंगे। यही सच्ची प्रेरणा है, यही सच्चा आत्मबोध।

# आतंक से निपटने का नया मंत्र, पाकिस्तान की खुल रही पोल

हाल के सैन्य टकराव के दौरान भारत ने नया संकल्प लेकर एक नए सिद्धांत को मान्यता दी और वह यह कि भविष्य में किसी भी आतंकी हमले को भारत के विरुद्ध युद्ध की घोषणा के रूप में लिया जाएगा। व्यवहार में इसका प्रभाव यह होगा कि कोई आतंकी हमला होने पर भारत को पाकिस्तान के विरुद्ध तत्काल सैन्य कार्रवाई करनी होगी। पिछले दिनों भारत और पाकिस्तान के बीच सामरिक संघर्ष ने अतीत की कई रेखाओं को मिटाकर भविष्य को लेकर नई रेखा खींचने का काम किया। पिछली सरकारों के उलट पाकिस्तान से निपटने को लेकर मोदी सरकार ने भारत का रवैया पूरी तरह बदल दिया। इस दौरान आतंकी ठिकानों को नष्ट करने के लिए सीमा पार कार्रवाई से भी गुरेज नहीं किया गया। नियंत्रण रेखा यानी एलओसी से लेकर अंतरराष्ट्रीय सीमा और यहां तक कि पाकिस्तानी पंजाब के भीतर तक हमले किए गए। पहलगाम आतंकी हमले के बाद आपरेशन सिंदूर के रूप में भारत की जवाबी कार्रवाई कई मायनों में अलग रही। परमाणु हथियारों वाले दोनों देशों के बीच कारगिल संघर्ष के बाद हुआ यह पहला सैन्य संघर्ष कई संदेश समेटे हुए है। इसने सामरिक परिदृश्य पर समीकरण बदलकर रख दिए। आपरेशन सिंदूर के तहत भारतीय वायु सेना ने पूरे पाकिस्तान और गुलाम कश्मीर में फैले नौ आतंकी ठिकानों को निशाना बनाया तो पाकिस्तान ने एलओसी पर विशेषकर पुंछ में नागरिकों पर हमले किए। पाकिस्तान के इस दुस्साहस के परिणाम से तनाव इतना बढ़ा कि जवाबी कार्रवाई में भारत ने पाकिस्तान के बड़े शहरों में एयर डिफेंस सिस्टम को नाकाम किया और उसके एयरबेस निशाने पर लिए। इससे यही संदेश निकला कि भारत की धरती पर किसी भावी आतंकी हमले की सूरत में हमारी प्रतिक्रिया केवल एलओसी तक सीमित न होकर अंतरराष्ट्रीय सीमा के पार तक हो सकती है। हालिया टकराव की प्रकृति देखें तो जिस पैमाने पर ड्रोन और मिसाइल का उपयोग किया गया, उससे साफ है कि भावी संघर्षों में उनकी अहम भूमिका रहेगी। इससे संघर्ष पारंपरिक भौगोलिक दायरे से इतर भी बढ़ेगा। करीब 50 वर्षों से दोनों देश मुख्य रूप से एलओसी के इर्दगिर्द जम्मू-कश्मीर में ही संघर्षरत रहे हैं, लेकिन ड्रोन्स-मिसाइल के चलते



टकराव उत्तर पश्चिम और पश्चिम भारत की सीमा तक बढ़ सकता है। इससे नाटकीय बदलाव आ सकता है, जहां एक कूटनीतिक फिसलन केवल संघर्ष विराम उल्लंघन ही नहीं, बल्कि ड्रोन हमलों का कारण बन सकती है। इस कारण जोखिम बढ़ने के साथ ही टकराव की आवृत्ति भी बढ़ सकती है। संघर्ष विराम के बाद भी छिटपुट रूप से यह देखा जा रहा है। सामान्य परिस्थिति में सटीक हवाई हमले जैसी सैन्य क्षमता का भलीभांति आकलन नहीं हो पाता और यह बात भारत समेत सभी देशों पर भी लागू होती है। हालिया सैन्य संघर्ष के दौरान भारत ने अपनी सामरिक क्षमताओं का सफलतापूर्वक प्रदर्शन किया है। भारत ने पुख्ता खुफिया जानकारी के आधार पर सटीक और प्रभावी हमले किए। चाहे लाहौर के एयर डिफेंस सिस्टम को नाकाम करना हो या पाकिस्तान में करीब नौ सैनिक ठिकानों को निशाना बनाना रहा हो, भारत ने अपने लक्ष्यों को अपेक्षित रूप से हासिल किया। पाकिस्तान पर ऐसी सामरिक बढ़त का भारत की विदेश नीति पर भी असर पड़ेगा। इस प्रदर्शन से अमेरिका, आस्ट्रेलिया और जापान जैसे सामरिक साझेदारों का भारत की क्षमताओं में विश्वास और बढ़ेगा। वे नई दिल्ली पर अपना दांव और बढ़ाते दिखेंगे। अपनी इन मारक क्षमताओं से चीन के विरुद्ध भी भारत को निवारक शक्ति बढ़ाने में मदद मिलेगी, भले ही उसका दायरा सीमित हो। पाकिस्तान प्रायोजित आतंक ने लंबे समय तक भारत के धैर्य की प्रतीक्षा ली, लेकिन मोदी सरकार ने पाकिस्तान से निपटने में भारतीय रणनीति ही पूरी तरह बदल दी। उड़ी हमले के बाद से भारत ने तय कर लिया कि पाकिस्तान की प्रत्येक आतंकी करतूत का कड़ा जवाब दिया जाएगा और हर जवाबी कार्रवाई पूर्व की तुलना में बड़ी होगी। पाकिस्तान से निपटने में अब यही 'न्यू नार्मल' है। इस रणनीति के मूल में यही है कि आतंक एवं आतंकियों को पालने-पोसने वाली पाकिस्तान सेना को भी बड़ी कीमत चुकानी पड़ेगी। हालांकि, हालिया झड़पों और पाकिस्तानी सेना की जवाबी कार्रवाई से यह संकेत भी मिले कि यह रणनीति अपेक्षाकृत जोखिम भरी है। क्षेत्रीय सुरक्षा परिदृश्य के दृष्टिकोण से देखा जाए तो यह एक जोखिम भरा घटनाक्रम है। जवाबी हमले की भारत की संकल्पशक्ति एवं उसे लेकर पाकिस्तानी तत्परता से यह लगता है कि भविष्य में ऐसे टकराव के कारण जान-माल की क्षति और बढ़ेगी। अच्छी बात यह रही कि हालिया टकराव में भारत की सक्षम एयर डिफेंस प्रणाली द्वारा पाकिस्तानी ड्रोन और मिसाइलों को निष्प्रभावी करने के चलते देश में बड़ी मानवीय क्षति नहीं हुई। भारत ने भी पाकिस्तान में पहले केवल आतंकी और बाद में सैन्य ठिकानों को ही निशाना बनाया। भविष्य में शायद यह स्थिति न दिखे। आतंकी हमले के जवाब में भारतीय कार्रवाई और पाकिस्तान द्वारा उसकी प्रतिक्रिया खतरनाक रूप ले सकती है। हाल के सैन्य टकराव के दौरान भारत ने नया संकल्प लेकर एक नए सिद्धांत को मान्यता दी और वह यह कि भविष्य में किसी भी आतंकी हमले को भारत के विरुद्ध युद्ध की घोषणा के रूप में लिया जाएगा। व्यवहार में इसका प्रभाव यह होगा कि कोई आतंकी हमला होने पर भारत को पाकिस्तान के विरुद्ध तत्काल सैन्य कार्रवाई करनी होगी। ऐसी नीति के सार्वजनिक होने से सरकार के हाथ कुछ बंध जाते हैं, लेकिन उसे आधिकारिक न बनाने से उसमें कुछ गुंजाइश रह जाती है। यह उल्लेखनीय है कि अब प्रधानमंत्री मोदी ने इस नीति पर चलने की खुली घोषणा कर दी है।

# पाकिस्तान के बुरी तरह मात खाने से बौखलाया चीन

**क्या यह हास्यास्पद नहीं कि पहले तो उसने अरुणाचल को चीनी नाम दिया और फिर उसके अलग-अलग क्षेत्रों का नया नामकरण करने में लगा हुआ है? साफ है कि वह खीझ मिटाने के लिए अपनी बचकानी हरकतों से भारत को उकसाना चाहता है। वह ऐसी हरकतें पहले भी करता रहा है। शायद उसने यह मुगालता पाल लिया है कि अरुणाचल के एक साथ 27 स्थानों को चीनी नाम देने से भारत दबाव में आ जाएगा।**

भारत को वन चाइना के साथ अपनी तिब्बत नीति पर भी नए सिरे से विचार करना होगा। इससे भी जरूरी बात यह है कि चीनी वस्तुओं पर निर्भरता घटानी होगी। यह अफसोस की बात है कि मेक इन इंडिया अभियान और भारत को आत्मनिर्भर बनाने की पहल के बाद भी चीनी आयात में कमी नहीं लाई जा पा रही है। भारत के साथ सैन्य टकराव में अपने सदाबहार दोस्त पाकिस्तान के बुरी तरह मात खाने से चीन किस तरह बौखलाया है, इसका पता इससे भी चला कि उसने अरुणाचल के 27 स्थानों के चीनी नाम दे दिए। इनमें आवासीय क्षेत्रों के साथ पहाड़ और नदियां भी हैं। यह ध्यान रहे कि वह अरुणाचल को पहले ही चीनी नाम दे चुका है। क्या यह हास्यास्पद नहीं कि पहले तो उसने अरुणाचल को चीनी नाम दिया और फिर उसके अलग-अलग क्षेत्रों का नया नामकरण करने में लगा हुआ है? साफ है कि वह खीझ मिटाने के लिए अपनी बचकानी हरकतों से भारत को उकसाना चाहता है। वह ऐसी हरकतें पहले भी करता रहा है। शायद उसने यह मुगालता पाल लिया है कि अरुणाचल के एक साथ 27 स्थानों को चीनी नाम देने



से भारत दबाव में आ जाएगा। ऐसा तो बिल्कुल भी नहीं होने वाला और उलटे भारत को इस नतीजे पर पहुंचने में और आसानी होगी कि वह उतना ही धोखेबाज है, जितना पाकिस्तान। चीन ने पाकिस्तान को आपरेशन सिंदूर की तपिश से बचाने के लिए हरसंभव कोशिश की, लेकिन वह नाकाम रहा। दोयम दर्जे के चीनी हथियार पाकिस्तान के लिए मुसीबत बन गए और वह इतना असहाय हो गया कि उसे अमेरिका से गुहार लगानी पड़ी। चीन इसलिए और अधिक बौखलाया है, क्योंकि भारत ने उसके एयर डिफेंस सिस्टम, ड्रोन, मिसाइल आदि की इस कदर पोल खोल कर रख दी कि अब उसके लिए दुनिया के निर्धन देशों को अपने हथियार बेचना कठिन होगा। पाकिस्तान ने जिस चीनी मिसाइल का इस्तेमाल किया था, उसे भारत ने नाकाम कर दिया। इसके नतीजे में इस मिसाइल का निर्माण करने वाली चीनी कंपनी के शेयर लुढ़क गए। चूंकि भारतीय सेना ने पाकिस्तान के साथ ही चीन पर भी तगड़ी चोट की है, इसीलिए उसे सूझ नहीं रहा कि वह अपनी झेंप कैसे मिटाए। यह ठीक है कि भारत ने चीनी हरकत पर यह जवाब दिया कि इससे सच्चाई बदलने वाली नहीं है, लेकिन उसके खिलाफ कुछ और भी करना होगा। बतौर उदाहरण दक्षिण चीन सागर को दक्षिण पूर्व एशिया सागर कहना होगा। भारत को वन चाइना के साथ अपनी तिब्बत नीति पर भी नए सिरे से विचार करना होगा। इससे भी जरूरी बात यह है कि चीनी वस्तुओं पर निर्भरता घटानी होगी। यह अफसोस की बात है कि मेक इन इंडिया अभियान और भारत को आत्मनिर्भर बनाने की पहल के बाद भी चीनी आयात में कमी नहीं लाई जा पा रही है। ऐसा क्यों नहीं हो पा रहा है, इस पर सरकार के साथ हमारे उद्योग जगत को भी गंभीरता से सोचना होगा। इसलिए और भी, क्योंकि विश्व के अनेक देश कोविड महामारी के बाद से ही चीन प्लस वन नीति को बढ़ावा दे रहे हैं। इसके तहत वे चीन पर अपनी निर्भरता कम करना चाहते हैं।

# सेना में महिलाओं की संख्या पर हमेशा से उठते रहे हैं सवाल, अदालतें सरकार को अपनी मानसिकता बदलने की देती रही हैं नसीहत

**अभी सेना में महिलाओं की उपस्थिति कोई बहुत उत्साहवर्धक नहीं है। शीर्ष न्यायालय ने उचित ही सवाल किया है कि जब महिलाएं रफाल उड़ा सकती हैं, तो सेना की कानूनी शाखा में उनकी संख्या सीमित क्यों है। वे शीर्ष पदों पर क्यों नहीं नियुक्त हो सकतीं। स्थायी कमीशन के लिए भी सेना में कार्यरत महिलाओं को लंबा संघर्ष करना पड़ा था। अपने अधिकारों के लिए उन्हें कानूनी लड़ाई लड़नी पड़ी थी। तब शीर्ष न्यायालय के एक महत्त्वपूर्ण फैसले के बाद सेना में उच्च पद पर उनके पहुंचने का रास्ता खुला था।**

अभी सेना में महिलाओं की उपस्थिति कोई बहुत उत्साहवर्धक नहीं है। शीर्ष न्यायालय ने उचित ही सवाल किया है कि जब महिलाएं रफाल उड़ा सकती हैं, तो सेना की कानूनी शाखा में उनकी संख्या सीमित क्यों है। सेना में स्त्री-पुरुष समानता सुनिश्चित करने में भारत की प्रगति धीमी रही है। बावजूद इसके, महिलाएं तमाम चुनौतियों को पार करते हुए सेना के तीनों अंगों में अपनी जगह बना रही हैं और धीरे-धीरे अग्रणी भूमिका में भी दिखने लगी हैं। मगर यह संख्या अब भी संतोषजनक नहीं है। पुरुषों के मुकाबले जिस अनुपात में महिलाओं को सेना में अवसर मिलना चाहिए, उस पर प्रायः सवाल उठते रहे हैं। कोई दोराय नहीं कि जब जीवन के हर क्षेत्र में महिलाएं पुरुषों के कंधे से कंधा मिला कर चल रही हैं, तो सैन्य बलों में उनकी प्रतिभागिता पर्याप्त रूप से क्यों नहीं बढ़ाई जानी चाहिए? अभी सेना में महिलाओं की उपस्थिति कोई बहुत उत्साहवर्धक नहीं है। शीर्ष न्यायालय ने उचित ही सवाल किया है कि जब महिलाएं रफाल उड़ा सकती हैं, तो सेना की कानूनी शाखा में उनकी संख्या सीमित क्यों है। वे शीर्ष पदों पर क्यों नहीं नियुक्त हो सकतीं।



स्थायी कमीशन के लिए भी सेना में कार्यरत महिलाओं को लंबा संघर्ष करना पड़ा था। अपने अधिकारों के लिए उन्हें कानूनी लड़ाई लड़नी पड़ी थी। तब शीर्ष न्यायालय के एक महत्त्वपूर्ण फैसले के बाद सेना में उच्च पद पर उनके पहुंचने का रास्ता खुला था। स्त्री-पुरुष समानता के सवाल पर अदालतें सरकार को अपनी मानसिकता बदलने की नसीहत देती रही हैं। महिलाओं को स्थायी कमीशन देने का फैसला सुनाते समय भी जब अदालत ने सरकार को टोका था, तो उसका कहना था कि रक्षा बलों में पुरुष अभी महिला अधिकारियों की कमान स्वीकार करने के लिए मानसिक रूप से प्रशिक्षित नहीं हो पाए हैं। मगर अब तो अग्रिम मोर्चे में महिलाएं कई अहम भूमिकाएं निभाने लगी हैं। सीमित संख्या में ही सही, अगर महिलाएं युद्धक विमान उड़ाने के काबिल हो गई हैं, तो क्या पुरुष वर्चस्व की मानसिकता नहीं बदलनी चाहिए। सेना की विभिन्न शाखाओं में महिलाओं की संख्या बढ़ाने के साथ उन्हें युद्ध क्षेत्र में क्यों नहीं तैनात किया जाना चाहिए। आज सेना की सभी चिकित्सा सेवाओं का नेतृत्व महिलाएं ही कर रही हैं। इस पर गंभीरता से विचार होना चाहिए कि बाकी सेवाओं में भी अग्रणी भूमिका से उन्हें क्यों वंचित रखा जाए।



# डबलूटीसी 2025 फाइनल की प्राइज मनी की घोषणा, विनर को 30.79 करोड़ रुपए

## नंबर-3 पर रहने पर भारत को 12.32 करोड़ रुपए मिलेंगे



**नई दिल्ली।** इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल ने वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप की राशि में बढ़ोतरी की है। वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप का फाइनल मुकाबला लॉर्ड्स में ऑस्ट्रेलिया और साउथ अफ्रीका के बीच 11 से 15 जून तक खेला जाएगा। वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप के विजेता को 30.79 करोड़ रुपए राशि मिलेगी, जबकि हारने वाली टीम को 18.47 करोड़ रुपए राशि मिलेगी।

पिछले दो फाइनल से 17.96 करोड़ रुपए ज्यादा इस बार विजेता टीम को मिलने वाली इनामी राशि पिछले दो फाइनल के विजेताओं न्यूजीलैंड (2021) और ऑस्ट्रेलिया (2023) की जीती राशि से 17.96 करोड़ रुपए से अधिक है। पिछले दो एडिशन में विजेता को 13.68 करोड़ रुपए दिए गए थे, जबकि उपविजेता को 6.84 करोड़ रुपए दिए गए थे।

टीम इंडिया को मिलेगी 12.32 करोड़ रुपए वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप में खेलने वाली सभी 9 टीमों को प्राइज मनी मिलेगी। नौवें स्थान पर रहने वाली पाकिस्तान को भी 4.10 करोड़ रुपये मिलेंगे। वहीं तीसरे स्थान पर रहने वाली टीम इंडिया को 12.32 करोड़ रुपए मिलेंगे।

वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप के तीसरे चरण में साउथ अफ्रीका ने 69.44 प्रतिशत के साथ पॉइंट टेबल में टॉप रह कर फाइनल के लिए अपना स्थान सुनिश्चित किया था। जबकि ऑस्ट्रेलिया ने 67.54 प्रतिशत के साथ दूसरे स्थान पर रहकर फाइनल के लिए क्वालिफाई किया था।

भारत ने अधिकांश समय पॉइंट टेबल में टॉप पर रहने के बाद आखिरी में 50.00 अंक हासिल कर तीसरे स्थान पर रहा। भारत को आखिरी दो सीरीज में हार का सामना करना पड़ा था। न्यूजीलैंड के खिलाफ घरेलू सीरीज में हार के बाद उसे ऑस्ट्रेलिया में हार का सामना करना पड़ा था।

आईसीसी अध्यक्ष जय शाह ने कहा कि तीसरा चरण काफी रोचक रहा। फाइनलिस्ट का फैसला आखिरी में जाकर हुआ। मुझे यकीन है कि लॉर्ड्स में दर्शकों के साथ-साथ दुनिया भर से आने वाले प्रशंसकों को इस प्रतिष्ठित फॉर्मेट में कुछ बेहतरीन क्रिकेट देखने को मिलेगा, जब ऑस्ट्रेलिया और दक्षिण अफ्रीका अब से एक महीने से भी कम समय में मैदान पर उतरेंगे।

# ला लीगा- रियल मैड्रिड ने मायोर्का को 2-1 से हराया, एमबाप्पे और रैमॉन ने एक-एक गोल किया



**नई दिल्ली।** स्पेनिश लीग ला लीगा में बुधवार को खेले गए मैच में रियल मैड्रिड ने मायोर्का को इंजरी टाइम में गोल कर 2-1 से हरा दिया। मैड्रिड के लिए किलियन एमबाप्पे और जैकोबो रैमॉन ने एक-एक गोल किया।

बार्सिलोना को खिताब के लिए करना पड़ेगा इंतजार इसके साथ ही बार्सिलोना को अपने 28वां लीग खिताब के लिए इंतजार करना पड़ेगा। स्पेनिश लीग में सबसे ज्यादा पॉइंट अर्जित करने वाली टीम खिताब जीतती है। बार्सिलोना के 35 मैच के बाद 82 पॉइंट है। वह पॉइंट टेबल में टॉप पर है। जबकि रियल मैड्रिड 36 मैचों के बाद 78 पॉइंट के साथ दूसरे स्थान पर है।

स्पेनिश लीग में 20 टीमें खेल रही है। प्रत्येक टीम को एक-दूसरे से दो-दो मैच खेलने हैं। एक मैच अपने होम ग्राउंड पर और दूसरा बाहर यानी प्रत्येक टीम को 38 मैच लीग में खेलने हैं।

बार्सिलोना को 3 मैच खेलने हैं और एक भी जीतने के बाद वह खिताब जीत जाएगी। जबकि दूसरे स्थान पर रहने वाली रियल मैड्रिड के दो मैच बाकी है, और दोनों जीतने के बाद भी खिताब हासिल करना मुश्किल है।

मार्योका ने हाफ टाइम में रियल मैड्रिड से 1-0 से आगे रहा। मार्योका की तरफ से 11 वें मिनट में मार्टिन वाल्जेंट ने गोल कर टीम को 1-0 से आगे कर दिया। उसके बाद हाफ टाइम तक दोनों टीमों ने कोई और गोल नहीं किए।

मबाप्पे ने गोल कर टीम को बराबरी पर लाया मैच के 68वें मिनट में किलियन एमबाप्पे ने गोल कर रियल मैड्रिड को 1-1 की बराबरी पर लाकर खड़ा कर दिया। लीग में उनका यह 28वां गोल था।

वह लीग में सबसे ज्यादा गोल करने वाले खिलाड़ी हैं। उनसे तीन गोल पीछे बार्सिलोना के रॉबर्ट लेवांडोव्स्की हैं। इनके 25 गोल हैं।

रैमॉन ने इंजरी टाइम में विजयी गोल दागा ऐसा लग रहा था कि बार्सिलोना का खिताब तय हो गया, पर इंजरी टाइम में रियल मैड्रिड की ओर से जैकोबो रैमॉन ने गोल कर स्कोर को स्कोर 2-1 कर दिया और टीम को जीत दिला दी।

इसके साथ ही बार्सिलोना को खिताब जश्न मानने के लिए रोक दिया। उन्हें अपने अगले मैच तक इंतजार करना पड़ेगा। बार्सिलोना का मैच गुरुवार को एस्पेनयोल के साथ है। जीत के साथ ही वह खिताब भी जीत लेगी।

# सुनील गावस्कर ने बीसीसीआई मुख्यालय में बने बोर्ड रूम 10000 गावस्कर का उद्घाटन किया




**मुंबई।** भारत के महान खिलाड़ी सुनील गावस्कर ने मुंबई में भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) मुख्यालय में उनके सम्मान में बने बोर्ड रूम का उद्घाटन किया है। ÷एक महान खिलाड़ी का सम्मान! भारत के महान खिलाड़ी सुनील गावस्कर ने मुंबई में बीसीसीआई मुख्यालय में उनके सम्मान में बने बोर्ड रूम और उनके ऐतिहासिक मील के पत्थर 10000 गावस्कर का उद्घाटन किया,÷ बीसीसीआई ने इस कार्यक्रम का एक वीडियो साझा किया, जिसमें बीसीसीआई अध्यक्ष रोजर बिन्नी, उपाध्यक्ष राजीव शुक्ला और सचिव देवजीत सैकिया भी मौजूद थे।

गावस्कर ने वीडियो में कहा, जिसमें उन्हें अपने खेल के दिनों की एक तस्वीर पर हस्ताक्षर करते हुए देखा जा सकता है, ÷एमसीए मेरी मां है और बीसीसीआई मेरा पिता है। बहुत-बहुत धन्यवाद। मैं वास्तव में इस अवसर की सराहना करता हूं कि मैं वह हूं जो मैं हूं, भारतीय क्रिकेट का धन्यवाद। यह एक बहुत बड़ा सम्मान है। मैं इस सम्मान के लिए बीसीसीआई का बहुत आभारी हूं। और मैं बीसीसीआई के लिए यह सब देना चाहता हूं... इसलिए जब भी मुझसे कुछ भी अपेक्षित हो, यहां तक कि इस उम्र में भी, कृपया बेझिझक..।÷

बल्लेबाजी के दिग्गज 10,000 टेस्ट रन बनाने वाले पहले बल्लेबाज थे। उन्होंने 125 टेस्ट मैचों में 51 से अधिक की औसत से 10,122 रन बनाकर अपने करियर का समापन किया। उन्होंने 34 शतक बनाए।

## गुजरात में शामिल हो सकते हैं कुसल मेंडिस इंग्लैंड के जोस बटलर की जगह लेंगे



**नई दिल्ली।** श्रीलंका के विकेटकीपर-बल्लेबाज कुसल मेंडिस गुजरात टाइटंस में शामिल हो सकते हैं। रिपोर्ट के मुताबिक, मेंडिस के इंग्लैंड के जोस बटलर की जगह लेने की संभावना है। हालांकि गुजरात की ओर से अभी तक कोई आधिकारिक बयान नहीं आया है। बटलर वेस्टइंडीज के खिलाफ 29 मई से शुरू हो रही वनडे सीरीज के कारण आईपीएल के प्लेऑफ मैच के लिए उपलब्ध नहीं हो सकते हैं। इससे पहले, बुधवार को दिल्ली कैपिटल्स ने बांग्लादेश के तेज गेंदबाज मुस्तफिजुर रहमान को बतौर रिप्लेसमेंट टीम में शामिल किया है। वे ओपनर जैक फ्रेजर मैगर्क की जगह लेंगे। मैगर्क मौजूदा सीजन के बाकी मैचों के लिए भारत नहीं आएंगे। फ्रेंचाइजी ने रहमान से 6 करोड़ रुपए में एग्रीमेंट किया है, लेकिन यह एग्रीमेंट मुश्किल में पड़ता दिखाई दे रहा है।

एग्रीमेंट के बाद बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड के सीईओ निजामुद्दीन चौधरी ने कहा- अभी तक बीसीबी से प्लेयर और बीसीसीआई ने इस एग्रीमेंट के लिए एनओसी नहीं मांगा गया है। उन्होंने क्रिकइंफो से कहा- मुस्तफिजुर को टीम के साथ यूएई जाना है।

## कैफ बोले-लगता है विराट टेस्ट खेलना जारी रखना चाहते थे



**नई दिल्ली।** पूर्व भारतीय क्रिकेटर मोहम्मद कैफ का मानना है कि विराट कोहली इंग्लैंड सीरीज के लिए पूरी तरह तैयार थे। लेकिन, उन्हें अजीत अगरकर की अगुआई वाली चयन समिति का समर्थन नहीं मिला।

कोहली ने 12 मई को टेस्ट क्रिकेट से संन्यास का ऐलान किया था। उन्होंने इंस्टाग्राम पोस्ट के जरिए इसकी जानकारी दी थी।

रणजी खेलकर इस फॉर्मेट को जारी रखने के दिए थे संकेत कैफ ने बुधवार को आईएएनएस को दिए एक इंटरव्यू में कहा, मुझे लगता है कि वह इस फॉर्मेट में खेलना जारी रखना चाहते थे। इसको लेकर उनकी बीसीसीआई अधिकारियों और चयनकर्ताओं से बातचीत भी हुई होगी। चयनकर्ताओं ने पिछले 5-6 सालों में उनके प्रदर्शन का हवाला दिया होगा और उन्हें बताया होगा कि टीम में उनकी जगह अब नहीं हो सकती। हमें कभी पता नहीं चलेगा कि क्या हुआ, यह अनुमान लगाना बहुत मुश्किल है कि पर्दे के पीछे वास्तव में क्या हुआ था।

**व्यापार**

# वोडाफोन आइडिया ने सुप्रीम कोर्ट में राहत मांगी

## एजीआर ड्यूज पर 30,000 करोड़ के पेनल्टी-ब्याज को माफ करने की मांग



**नई दिल्ली।** टेलीकॉम कंपनी वोडाफोन आइडिया ने एडजस्टेड ग्रॉस रेवेन्यू ड्यूज से जुड़े 30,000 करोड़ रुपए से अधिक के पेनल्टी और ब्याज को माफ करने की मांग की है। रिपोर्ट के मुताबिक, कंपनी ने 19 मई को सुप्रीम कोर्ट में एक नई याचिका दाखिल कर इस मामले में तुरंत सुनवाई की गुहार लगाई है।

वोडाफोन ने दावा किया है कि सरकार की कंपनी में 49 प्रतिशत हिस्सेदारी है। एजीआर फैसले की बाध्यताओं के चलते सरकार राहत देने में असमर्थ है, लेकिन वह एक पार्टनर की तरह काम करते हुए कंपनी को बचाने में मदद करे। वोडाफोन आइडिया ने अपनी याचिका में कहा कि एजीआर फैसले के बाद सरकार के लिए और राहत देना मुश्किल है।

वोडाफोन ने कहा कंपनी में 59 लाख से अधिक छोटे शेयरधारक हैं। मदद से कंपनी की फाइनेंशियल कंडीशन पर बड़ा असर हो सकता है। खबर के बाद कंपनी का शेयर करीब 4 प्रतिशत की तेजी के साथ 7.22 रुपए पर बंद हुआ।

इससे पहले वोडाफोन आइडिया ने 30 मार्च को घोषणा की थी कि सरकार कंपनी के स्पेक्ट्रम ऑक्शन के 36,950 करोड़ रुपए के बकाया को इक्विटी शेयर्स में बदल देगी। यानी कंपनी पर जितना बकाया है, उतनी वैल्यू की हिस्सेदारी सरकार हासिल कर लेगी। इस कन्वर्जन के बाद टेलीकॉम कंपनी में सरकार की हिस्सेदारी 22.6 प्रतिशत से बढ़कर लगभग 49 प्रतिशत हो गई थी। हालांकि, प्रमोटर कंपनी का ऑपरेशनल कंट्रोल बरकरार रखेंगे।

वोडाफोन आइडिया ने एक प्रेस स्टेटमेंट में बताया था कि मिनिस्ट्री ऑफ कम्युनिकेशन ने 29 मार्च 2025 को एक आदेश जारी किया था, जिसमें सितंबर 2021 के टेलीकॉम रिफॉर्म पैकेज के चलते कन्वर्जन को मंजूरी दी गई थी।

# अमेजन-फ्लिकार्ट पर अब नहीं बिकेंगे पाकिस्तानी झंडे और सामान, भारत का ई-कॉमर्स कंपनियों को निर्देश



बायकॉट पाक की मुहिम तेज

**नई दिल्ली।** पहलगाम की घटना के बाद बढ़े तनाव और ऑपरेशन सिंदूर के एक्शन से पड़ोसी दुश्मन मुल्क पाकिस्तान पूरी तरह से बेदम हो चुका है. पाकिस्तान को घुटनों के बल लाने के बाद अब उनके ऊपर आर्थिक प्रहार कर उसे और कमर तोड़ने की कोशिश की जा रही है. यही वजह है कि देश में पाकिस्तान के खिलाफ बायकॉट मुहिम अब और जोर पकड़ने लगी है.

सेंट्रल कंज्यूमर प्रोटेक्शन अथॉरिटी यानी सीसीपीए की तरफ से अमेजन और फ्लिपकार्ट समेत अन्य कंपनियों को बकायदा इस बारे में नोटिस जारी किया गया है और कहा गया है कि वे पाकिस्तानी झंडे और वहां के सामान को हटा लें.

सीसीपीए का कहना है कि पाकिस्तान सामान और उसके झंडे का ई-कॉमर्स साइट्स पर बिकना खुलेआम बिक्री से जुड़े कानूनों का उल्लंघन है. ऐसे में उसे फौरन कंपनयों को हटा लेना चाहिए. उपभोक्ता मामलों के मंत्री प्रह्लाद जोशी ने बकायदा अपने एक्स एकाउंट पर इस बारे में पोस्ट करते हुए उसे फौरन हटाने के निर्देश दिए हैं.

उन्होंने अपने पोस्ट में लिखा है कि ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म्स को सरकार की तरफ से नोटिस भेजा गया है. उन्होंने इसमें लिखा है कि ये असंवेदनशील चीजें बर्दाश्त नहीं की जाएगा और देश का कानूनों का पालन करने के लिए सभी ई-कॉमर्स कंपनियों को निर्देश दिया गया है.

कुछ इसी तरह का मुहिम पाकिस्तान का साथ देने वाले तुर्की के खिलाफ भी देश में चल रहा है. भारत में लोग अब न सिर्फ तुर्किए के सामानों का बायकॉट क रहे हैं बल्कि वहां यात्रा करने से भी परहेज कर रहे हैं. इसके साथ ही, वे पर्यटन से भी किनारा करने की अपील कर रहे हैं. तुर्किए बॉयकाट का आह्वान लोग ऐसे वक्त पर कर रहे हैं जो रिकॉर्ड संख्या में भारतीय पर्यटक वहां पर जा रहे थे.

# सेंसेक्स 1200 अंक चढ़कर 82,531 पर बंद, निफ्टी ने 6 महीने बाद 25,100 का लेवल पार किया



**नई दिल्ली।** हफ्ते के चौथे कारोबारी दिन गुरुवार, 15 मई को सेंसेक्स 1200 अंक चढ़कर 82,531 के स्तर पर बंद हुआ। दिन के निचले स्तर से इसने 1769 अंक की रिकवरी की।

निफ्टी में भी 395 अंक की तेजी रही, ये 25,062 के स्तर पर बंद हुआ। इसमें दिन के निचले स्तर से 568 की रिकवरी हुई। 17 अक्टूबर के बाद निफ्टी ने आज पहली बार 25,100 के स्तर को पार किया।

सेंसेक्स के 30 शेयरों में से 29 में तेजी रही। टाटा मोटर्स 4.16 प्रतिशत, एचसीएल टेक 3.37 प्रतिशत, जोमैटो 2.22 प्रतिशत, अडाणी पोर्ट्स 2.19 प्रतिशत और एशियन पेंट्स 2.07 प्रतिशत ऊपर बंद हुए। इंडसइंड बैंक के शेयरे में मामूली गिरावट रही।

निफ्टी के 50 में से 49 शेयरों में उछाल रही। एनएसई का निफ्टी ऑटो इंडेक्स 1.92 प्रतिशत, रियल्टी 1.92 प्रतिशत, मेटल 1.74 प्रतिशत, मीडिया 1.59 प्रतिशत और आईटी 1.16 प्रतिशत चढ़कर बंद हुए।

इस बीच सैजिलिटी इंडिया लिमिटेड को वित्त वर्ष 2024-25 की चौथी तिमाही में 182 करोड़ रुपए का शुद्ध मुनाफा (कॉन्सोलिडेटेड नेट प्रॉफिट) हुआ है। सालाना आधार पर यह 127 प्रतिशत बढ़ा है। एक साल पहले की समान तिमाही में कंपनी का मुनाफा 80 करोड़ रुपए था।

# अप्रैल 2025 में भारत की बेरोजगारी दर 5.1 प्रतिशत सरकार ने पहली बार जारी किए मासिक आंकड़े



**नई दिल्ली।** देश में पहली बार जारी मासिक बेरोजगारी के आंकड़ों के अनुसार अप्रैल महीने में इसकी दर 5.1 प्रतिशत रही। गुरुवार को सरकार की ओर से इससे जुड़े आंकड़े जारी किए गए। सांख्यिकी व कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय ने देश में नौकरियों के लिए पात्र लोगों में बेरोजगार लोगों के अनुपात की वास्तविक समय पर निगरानी करने के प्रयासों के तहत पहला मासिक आवधिक श्रम बल सर्वेक्षण (पीएलएफएस) जारी किया। अब तक श्रम बल सर्वेक्षण तिमाही के साथ-साथ वार्षिक आधार पर भी जारी किया जाता था।

### पुरुषों में बेरोजगारी की दर 5.2 प्रतिशत

साप्ताहिक स्थिति (सीडब्ल्यूएस) में एकत्र किए गए नवीनतम आंकड़ों से पता चला है कि अप्रैल 2025 के दौरान सभी उम्र के व्यक्तियों के लिए बेरोजगारी दर 5.1 प्रतिशत रही। इस दौरान, पुरुषों में बेरोजगारी की दर 5.2 प्रतिशत रही, जबकि महिलाओं में यह दर 5 प्रतिशत रही।

देश भर में 15-29 आयु वर्ग के लोगों में बेरोजगारी दर अप्रैल में 13.8 प्रतिशत थी। शहरी क्षेत्रों में बेरोजगारी दर 17.2 प्रतिशत थी, जबकि ग्रामीण क्षेत्रों में यह 12.3 प्रतिशत थी। अध्ययन से यह भी पता चला कि 15-29 आयु वर्ग की महिलाओं में बेरोजगारी दर (यूआर) पूरे देश में (ग्रामीण+शहरी) 14.4 प्रतिशत थी। जबकि शहरों में यह 23.7 प्रतिशत और गांवों में 10.7 प्रतिशत थी।

शहरों में बेरोजगारी दर 15 प्रतिशत और गांवों में 13 प्रतिशत

देश में 15-29 वर्ष आयु वर्ग के पुरुषों में बेरोजगारी दर 13.6 प्रतिशत दर्ज की गई, जबकि शहरों में यह 15 प्रतिशत और गांवों में 13 प्रतिशत थी। आंकड़ों से यह भी पता चला कि अप्रैल 2025 के दौरान 15 वर्ष और उससे अधिक आयु के लोगों में श्रम बल भागीदारी दर (एलएफपीआर) 55.6 प्रतिशत थी। ग्रामीण क्षेत्रों में भागीदारी दर 58.0 प्रतिशत थी जबकि शहरी क्षेत्रों में यह 50.7 प्रतिशत थी। ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में 15 वर्ष और उससे अधिक आयु के पुरुषों में एलएफपीआर क्रमशः 79.0 प्रतिशत और 75.3 प्रतिशत थी। अप्रैल 2025 के दौरान ग्रामीण क्षेत्रों में 15 वर्ष और उससे अधिक आयु की महिलाओं में श्रम बल भागीदारी की दर 38.2 प्रतिशत थी।

# स्व. भैरोंसिंह शेखावत की पुण्यतिथि पर मुख्यमंत्री ने पुष्पांजलि अर्पित की: कहा पूर्व उपराष्ट्रपति का राजस्थान के विकास में अहम योगदान

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस



**जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा गुरुवार सुबह विद्याधर नगर स्थित पूर्व उपराष्ट्रपति स्व. श्री भैरोंसिंह शेखावत के स्मृति स्थल पहुंचे। उन्होंने शेखावत स्मृति स्थल पर पुष्पांजलि अर्पित की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि पूर्व उपराष्ट्रपति का राजस्थान ही नहीं बल्कि पूरे देश के विकास में अहम योगदान रहा। उन्होंने पं. दीनदयाल उपाध्याय तथा डॉ. बी.आर. अम्बेडकर के मूल्यों के अनुरूप कार्य किए। स्व. शेखावत जी ने गरीब, किसान और पिछड़ा वर्ग के लिए अंत्योदय जैसी महती योजना राजस्थान में लागू की, जो कि बाद में पूरे देश में लागू की गई। शर्मा ने कहा कि स्व. शेखावत का जीवन हम सबके लिए प्रेरणास्त्रोत है। उन्होंने प्रदेशवासियों से आह्वान किया कि उनकी पुण्यतिथि पर हमें सशक्त और समृद्ध राजस्थान बनाने का दृढ़ संकल्प लेना चाहिए।

# मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी 4000 रूपए रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस



**जयपुर।** राजस्थान के सीएम भजन लाल शर्मा के निर्वाचन क्षेत्र सांगानेर में एसीबी ने बुधवार को कार्रवाई करते हुए मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी सांगानेर ग्रामीण सुरेन्द्र कुमार को 4000 रूपए रिश्वत राशि लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो के महानिदेशक पुलिस डॉ. रवि प्रकाश मेहरड़ा ने बताया कि ए.सी.बी. जयपुर नगर द्वितीय को एक शिकायत इस आशय की मिली कि परिवादी के स्कूल के बच्चों का रिकॉर्ड अपलोड करने के लिए यूडाईस कोड आवेदन पत्र को संशोधित कर जारी करने की एवज में परिवादी से 15000 हजार रूपए की रिश्वत राशि मांग कर परेशान किया जा रहा था व दबाव बनाकर परिवादी से 10,000 रूपए पूर्व में व 1000 रूपए सत्यापन के दौरान प्राप्त कर लिए।

इस पर एसीबी जयपुर रेंज द्वितीय उप महानिरीक्षक राजेश सिंह के सुपरवीजन में ए.सी.बी. जयपुर नगर द्वितीय अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ओमप्रकाश किलानिया के नेतृत्व में आज मय छोटीलाल पुलिस निरीक्षक एवं अन्य ने ट्रेप कार्रवाई करते हुए आरोपी सुरेन्द्र कुमार कार्यवाही मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी, सांगानेर ग्रामीण, जयपुर को 4000 रूपये रिश्वत राशि लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया गया है। एसीबी की अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस स्मिता श्रीवास्तव के सुपरवीजन में आरोपियों से पूछताछ तथा कार्रवाई जारी है। एसीबी द्वारा मामले में भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के अन्तर्गत प्रकरण दर्ज कर अग्रिम अनुसंधान किया जाएगा।

# 'ऑपरेशन सिंदूर' की सफलता और सेना के शौर्य सम्मान में अल्बर्ट हॉल से निकाली तिरंगा यात्रा

## भारतीय सेना के अदम्य साहस से देश गौरवान्वित – सीएम भजनलाल शर्मा







हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

**जयपुर।** ऑपरेशन सिंदूर की सफलता और सेना के शौर्य सम्मान में गुरुवार को अल्बर्ट हॉल से तिरंगा यात्रा निकाली गई। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा इस गौरवमयी यात्रा में शामिल हुए। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारतीय सेना ने आतंकी ठिकानों को ध्वस्त कर आंतकवाद के खिलाफ कड़ा संदेश दिया है।

शर्मा ने ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पर प्रदेशवासियों की ओर से देश के वीर सैनिकों को नमन किया। उन्होंने कहा कि भारतीय सेना ने अदम्य साहस और बहादुरी का परिचय देते हुए पहलगाम हमले की जवाबी कार्रवाई में पाकिस्तान में चिन्हित आतंकी ठिकानों को निशाना बनाया। भारतीय सेना पर देश के प्रत्येक व्यक्ति को गर्व है। वीर सशस्त्र बलों ने संयम और पराक्रम का अद्वितीय उदाहरण प्रस्तुत किया है।

शर्मा ने कहा कि पहलगाम हमले के बाद प्रधानमंत्री ने भारतीय सेना को जवाबी कार्यवाही के लिए पूरी छूट दी और भारतीय सेना ने भी साहस दिखाते हुए आंतकी अड्डों को समाप्त कर पाकिस्तान को सबक सिखाया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के निर्भीक और निर्णायक निर्णयों तथा सेना के शौर्य के कारण देश को आंतकवाद के खिलाफ बड़ी सफलता मिली।

मुख्यमंत्री ने कहा कि सैनिकों की अदम्य वीरता के कारण मिली ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पर पूरे देशभर में तिरंगा यात्रा निकाली जा रही है। राजस्थान में भी हर गांव, शहर और हर विधानसभा क्षेत्र में तिरंगा यात्रा निकालकर सैनिकों को सम्मान दिया जा रहा है। इससे पहले मुख्यमंत्री ने ऑपरेशन सिंदूर में दुश्मन से लोहा लेते हुए वीरगति को प्राप्त होने वाले पराक्रमी सैनिकों को नमन कर श्रद्धा-सुमन अर्पित किए।

## डिप्टी सीएम दीया कुमारी ने तिरंगा यात्रा में बढ़-चढ़कर लिया हिस्सा

**जयपुर** । राजस्थान की डिप्टी मुख्यमंत्री दीया कुमारी गुरुवार को जयपुर में आयोजित विशाल तिरंगा यात्रा में शामिल हुईं। देशभक्ति से ओतप्रोत इस आयोजन में आमजन, युवाओं और भाजपा कार्यकर्ताओं का उत्साह देखने लायक था। दीया कुमारी स्वयं हाथ में तिरंगा लेकर यात्रा में पैदल शामिल हुईं और भारत माता की जय एवं वंदे मातरम् जैसे नारों से समूचा वातावरण राष्ट्रभक्ति की भावना से गूंज उठा। इस मौके पर उन्होंने कहा, तिरंगा केवल झंडा नहीं, हमारी अस्मिता, गौरव और बलिदान का प्रतीक है। इस यात्रा के माध्यम से हम भारत की एकता, स्वाभिमान और शक्ति का संदेश दे रहे हैं। डिप्टी सीएम ने 'ऑपरेशन सिन्दूर' का उल्लेख करते हुए कहा कि यह मिशन केवल एक सैन्य कार्रवाई नहीं, बल्कि भारत की बेटियों के सम्मान की रक्षा का ऐतिहासिक कदम था। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व की सराहना करते हुए कहा चाहे सर्जिकल स्ट्राइक हो, एयर स्ट्राइक या ऑपरेशन सिन्दूर - भारत ने स्पष्ट संदेश दिया है कि अब आतंकवाद पर चुप्पी नहीं, सख्त जवाब मिलेगा। दीया कुमारी ने स्पष्ट कहा आतंक और वार्ता, व्यापार और टेरर तथा खून और पानी एक साथ नहीं बह सकते। उन्होंने गर्वपूर्वक कहा कि वे स्वयं एक सैनिक की बेटी हैं, जिनके पिता ब्रिगेडयर महाराजा भवानी सिंह ने 1971 के भारत-पाक युद्ध में छाछरों और वीरवाह जैसे क्षेत्रों में भारत का तिरंगा फहराया था। उस वीरता और जनसमर्थन की यादें आज भी प्रेरणा देती हैं। इस मौके पर बीजेपी अध्यक्ष मदन राठौड़, सांसद और विधायकों सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता और आमजन शामिल हुए।



# गेहूं निर्यात पर रोक से राजस्थान की आटा मिलें संकट में, एसोसिएशन ने पीएम से लगाई गुहार

**जयपुर।** राजस्थान की रोलर फ्लोर मिल एसोसिएशन ने केंद्र सरकार से गेहूं और गेहूं उत्पादों पर लगे निर्यात प्रतिबंध को तत्काल हटाने की मांग की है। एसोसिएशन का कहना है कि यह प्रतिबंध राज्य की आटा और मैदा इकाइयों को आर्थिक रूप से कमजोर कर रहा है, जिससे रोजगार और देश की अर्थव्यवस्था पर नकारात्मक प्रभाव पड़ रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को भेजे गए ज्ञापन में एसोसिएशन ने अपनी पीड़ा व्यक्त करते हुए कहा है कि उनकी आवाज सुनी जाए, लघु उद्योगों को बचाया जाए, रोजगार संरक्षित किया जाए और उनके भविष्य को सुरक्षित किया जाए। एसोसिएशन ने जोर देकर कहा कि यह केवल राजस्थान की ही नहीं, बल्कि पूरे देश की फ्लोर मिलों की वास्तविकता है। उल्लेखनीय है कि 14 अगस्त 2022 से गेहूं और संबंधित उत्पादों के निर्यात पर प्रतिबंध लागू है।

एसोसिएशन के अनुसार, इस प्रतिबंध के कारण हजारों छोटे और मध्यम आकार के उद्योग गंभीर संकट का सामना कर रहे हैं। एसोसिएशन ने बताया कि पहले वे खाड़ी देशों को मैदा निर्यात करते थे और उनका व्यवसाय सुचारू रूप से चल रहा था। लेकिन निर्यात बंद होने के बाद से उन्हें लगातार तीन वर्षों से नुकसान हो रहा है। वर्तमान में, गेहूं की कीमत लगभग 27 रुपए प्रति किलोग्राम है, जबकि मैदा केवल 28 रुपए प्रति किलोग्राम बिक रहा है, जिससे मुनाफा लगभग नगण्य है। इसके अलावा, घरेलू बाजार में अत्यधिक प्रतिस्पर्धा बढ़ गई है।

एसोसिएशन ने अपनी आर्थिक चुनौतियों को उजागर करते हुए कहा कि उनकी फैक्ट्री चले या न चले, दैनिक खर्च एक लाख रुपये से अधिक है। प्रत्येक मिल में औसतन 100 कर्मचारी काम करते हैं, और इन सभी परिवारों का जीवन कारखानों से जुड़ा हुआ है। एसोसिएशन ने चेतावनी दी है कि यदि स्थिति में सुधार नहीं हुआ तो वे मजबूरन अपने कारखानों पर ताला लगाने के लिए विवश हो जाएंगे, और यह संकट केवल एक मिल का नहीं, बल्कि सभी फ्लोर मिल मालिकों का है।

राजस्थान स्थित इस गेहूं आटा, मैदा और सूजी निर्माता और निर्यातक इकाई, जिसकी उत्पादन क्षमता 200 टन प्रतिदिन है, ने सरकार से तत्काल हस्तक्षेप करने और निर्यात प्रतिबंध हटाने का आग्रह किया है ताकि वे फिर से आत्मनिर्भर बन सकें और अर्थव्यवस्था में अपना योगदान दे सकें।

# स्वीकृत कार्य में किसी प्रकार का विलम्ब नहीं होः सुमित गोदारा

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस



**जयपुर।** खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री एवं जिला प्रभारी मंत्री सुमित गोदारा ने कहा कि ऑपरेशन सिन्दूर के दौरान जिला प्रशासन, पुलिस व विभिन्न विभागों ने समन्वय के साथ टीम के रूप में जो काम किया, वह सराहनीय है। इसके लिए उन्होंने सभी को राजस्थान सरकार व माननीय मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की ओर से बधाई दी। गोदारा गुरूवार को कलेक्ट्रेट सभाहॉल में जिला स्तरीय अधिकारियों की समीक्षा बैठक में आवश्यक निर्देश दे रहे थे।

उन्होंने कहा कि हमारे देश की एकजुटता व सेना के जज्बे को पूरे विश्व ने देखा है। सिविल डिफेंस व अन्य वॉलिन्टयर्स को समय-समय पर प्रशिक्षण देते रहें तथा परिस्थिति के अनुसार एसओपी बना लें। हमें सदैव प्रो-एक्टिव होकर कार्य करना है। जिला प्रभारी मंत्री ने मुख्यमंत्री की बजट घोषणाओं से संबंधित कार्यों की समीक्षा करते हुए कहा कि जहां भूमि उपलब्ध है, वहां तत्काल विकास कार्य प्रारम्भ करें। जहां जमीन की आवश्यकता है, वहां जमीन की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए।

बैठक में उन्होंने मिर्जेवाला में सैनिक स्कूल, गंगासिंह स्टेडियम का विकास, अनूपगढ में इंडोर खेल हॉल, कैंचिया व राजियासर में जीएसएस, सूरतगढ में उपजिला चिकित्सालय, घडसाना में राजकीय महाविद्यालय, छात्रावास, अनूपगढ में मिनी फूड पार्क, रायसिंनगर में ट्रोमा सेंटर, अनूपगढ में परिवहन कार्यालय, श्रीविजयनगर में राजकीय महाविद्यालय, श्रीगंगानगर में आजाद टॉकीज के पास अण्डरब्रिज की प्रगति की विस्तृत समीक्षा कर आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि स्वीकृत कार्यों में किसी प्रकार का विलम्ब नहीं होना चाहिए। श्रीगंगानगर में मिनी सचिवालय के लिए 40 करोड़ रूपये की राशि मिलने के पश्चात कार्य में तेजी लाई जाए, जिससे इस प्रोजेक्ट को पूरा किया जा सके।

गोदारा ने कहा कि विद्यालयों में अध्ययन कक्षों की कमी नहीं होनी चाहिए। जहां जरूरत है, समसा, एमपी व एमएलए कोटे के तहत निर्माण किया जाए। विद्यालयों में चारदीवारी, पुस्तकालय, शैड, शौचालय सहित सभी सुविधाएं होनी चाहिएं। उन्होंने जिले में पेयजल व्यवस्था को लेकर आवश्यक निर्देश दिए। अधीक्षण अभियन्ता पेयजल को निर्देशित किया गया कि ग्रामीण क्षेत्र में जाकर चौपाल लगाएं तथा ग्रामीणों की पेयजल से संबंधित समस्याओं का समाधान करें। पेयजल परियोजनाओं में कार्मिक उपस्थित रहें तथा सभी फिल्टर प्लांट चालू हालत में होने चाहिए। उन्होंने जल संसाधन विभाग के अधिकारियों से जल की उपलब्धता पर चर्चा की तथा निर्देश दिए कि हमारे हिस्से का पूरा पानी किसानों के खेतों तक पंहुचना चाहिए। नहरों की मरम्मत के अलावा स्वीकृत पक्के खालों का कार्य भी तेज गति से करवाया जाए। उन्होंने कृषि उपज मण्डी के अधिकारियों को निर्देशित किया कि उपलब्ध धनराशि से सड़कों का निर्माण व मरम्मत करवाई जाए।

इस दौरान जिला कलक्टर डॉ. मंजू ने बताया कि मिनी सचिवालय के लिये 40 करोड़ का बजट प्राप्त हो गया है। निर्माण कार्य में तेजी लाई जायेगी तथा मिनी सचिवालय परिसर में ऑडिटोरियम का निर्माण भी करवाया जायेगा। उन्होंने बताया कि सभी विद्यालयों में विद्युत कनेक्शन करवा दिये गये हैं तथा जल्द ही इनमें सोलर सुविधा प्रदान की जायेगी। ऑपरेशन सिंदूर का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि इस दौरान केन्द्र व राज्य सरकार से प्राप्त दिशा-निर्देशों को आमजन तक पहुंचाने में सफल रहे। समय रहते मॉक ड्रिल व ब्लैक आउट जैसी गतिविधियों के बारे में आमजन के साथ-साथ व्यापारियों, सामाजिक संगठनों, एनजीओ को भी जागरूक किया गया। सेना के मूवमेंट की जानकारी नहीं देने, फेक न्यूज, फाल्स कॉल इत्यादि के बारे में भी आमजन को जागरूक किया गया, जिसका लाभ मिला तथा सोशल मीडिया के माध्यम से रेड अलर्ट, ग्रीन अलर्ट की सूचनाएं तत्काल दी गईं।

इस अवसर पर माटी कला बोर्ड के अध्यक्ष प्रहलाद राय टाक, पुलिस अधीक्षक गौरव यादव,एडीएम प्रशासन सुभाष कुमार, एडीएम सतर्कता रीना, सीईओ जिला परिषद गिरधर, न्यास सचिव अशोक असीजा, डीएसओ कविता सिहाग, अधीक्षण अभियंता धीरज चावला, सुमित्रा बिश्नोई, सहायक निदेशक लोक सेवाएं ऋषभ जैन, सीएमएचओ डॉ. अजय सिंगला, पीएमओ डॉ. दीपक मोंगा सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

# विज्ञान शिक्षकों का दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित

**जयपुर।** बीआईटी मेसरा में रॉयल सोसाइटी ऑफ केमिस्ट्री एवं जिला परिषद जयपुर द्वारा विज्ञान शिक्षकों के लिए दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन बिरला इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी, मेसरा (जयपुर कैंपस) में 12 व 13 मई को हुआ। इस कार्यक्रम का उद्घाटन संस्थान के निदेशक डॉ. पीयूष तिवारी और कार्यक्रम समन्वयक डॉ. पुनीत शर्मा की उपस्थिति में हुआ, जिन्होंने प्रतिभागी शिक्षकों का स्वागत करते हुए कार्यक्रम की रूपरेखा और उद्देश्य पर प्रकाश डाला। यह आयोजन रॉयल सोसाइटी ऑफ केमिस्ट्री (आरएससी) के 'यूसुफ हमीद इंस्पिरेशनल साइंस प्रोग्राम' के अंतर्गत आयोजित किया गया, जिसका उद्देश्य विज्ञान शिक्षकों को सक्रिय शिक्षण तकनीकों से परिचित कराना था रॉयल सोसायटी ऑफ केमिस्ट्री बेंगलुरु की ओर से 3 ट्रेनरों द्वारा कार्यशाला में सहयोग किया गया। कार्यक्रम पूरी तरह निःशुल्क था और इसमें जयपुर व आसपास के सरकारी एवं सहायता प्राप्त विद्यालयों के 227 से अधिक विज्ञान शिक्षकों ने भाग लिया।

# बिना लाइसेंस मीट दुकानों पर छापा, कच्चा मीट और मुर्गे जब्त, 8 दुकानें सीज

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस



**जयपुर।** नगर निगम ग्रेटर आयुक्त रूकमणि रियाड़ के निर्देश पर बुधवार को सांगानेर क्षेत्र के रामपुरा रोड और एनआरआई सर्किल पर बड़ी कार्रवाई करते हुए कई अवैध मीट दुकानों पर छापा मारा। यह कार्रवाई निगम की पशु प्रबंधन शाखा और स्वास्थ्य विभाग की संयुक्त टीम द्वारा की गई। टीम ने मौके से 350 से 400 किलोग्राम कच्चा मीट (मास) जब्त किया और 80 से 90 जिंदा मुर्गे भी दुकानों से बरामद किए गए। नगर निगम ग्रेटर द्वारा 8000 रुपए का कैरिंग चार्ज वसूला गया साथ ही 8 दुकानों को सीज कर दिया गया, क्योंकि वे बिना लाइसेंस के संचालन कर रही थीं और नियमों का उल्लंघन कर रही थीं। नगर निगम अधिकारियों ने बताया कि यह कार्रवाई लोगों की स्वास्थ्य सुरक्षा, साफ-सफाई बनाए रखने और खाद्य सुरक्षा कानूनों को लागू करने के लिए की गई है। निगम ने चेतावनी दी है कि भविष्य में भी इस तरह की जांच और कार्रवाई जारी रहेगी और नियमों का उल्लंघन करने वालों को बख्शा नहीं जाएगा।

# जयपुर एयरपोर्ट पर पैसेंजर्स को मिलेगा अनलिमिटेड फ्री वाई-फाई: घरेलू यात्रियों के लिए शुरू हुई सुविधा

**जयपुर।** राजधानी जयपुर के इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर लगातार फ्लाइट की और यात्रियों की संख्या बढ़ रही है। जिसके बाद एयरपोर्ट अथॉरिटी ने यात्रियों की सुविधा के लिए अनलिमिटेड फ्री वाई फाई सुविधा शुरू की है। दरअसल, जयपुर एयरपोर्ट प्रबंधन द्वारा घरेलू यात्रियों के लिए सप्ताह के सातों दिन 24 घंटे हाईस्पीड फ्री वाई-फाई सेवा की शुरुआत की गई है। अब जयपुर एयरपोर्ट पर अडानी वन ऐप के माध्यम से आम यात्री फ्री वाई-फाई से जुड़ सकते हैं। यह सुविधा फिलहाल केवल घरेलू यात्रियों के लिए उपलब्ध है। इसके लिए यात्री को सबसे पहले अदानी वन ऐप डाउनलोड करके अदानी वन फ्री वाईफाई नेटवर्क से जुड़ना होगा। नेटवर्क चुनने के बाद ह्ङ्गक्क आधारित वेरिफिकेशन की प्रक्रिया पूरी होने के बाद वह फ्री अनलिमिटेड वाई-फाई सेवा का आनंद ले सकते है। एयरपोर्ट के अधिकारियों ने बताया कि यह फैसिलिटी जल्द ही सभी अदानी एयरपोर्ट पर उपलब्ध होगी। इसके बाद यात्रियों को हर एयरपोर्ट पर बार-बार लॉगिन और ओटीपी सत्यापन की आवश्यकता नहीं होगी। एक बार अदानी वन फ्री वाईफाई नेटवर्क से जुड़ने के बार यात्री फ्री वाई फाई का फायदा अदानी के सभी एयरपोर्ट पर ले सकते हैं।

# निंदा जल की धार



**एसके मंगल**

निंदा से ना डरियो, निंदा जल की धार । निंदा से जो डरती मीरा, कैसे होती पार। कबीरदास जी कहते हैं कि निंदा से नहीं डरना चाहिए । निंदा जल की धार की तरह है, जो हमेशा बहती रहती है और हमें प्रभावित नहीं कर सकती । अगर मीराबाई जी निंदा से डरतीं, तो वे अपने आध्यात्मिक मार्ग पर आगे नहीं बढ़ पातीं। निंदा से डरने से हम अपने लक्ष्यों से विचलित हो जाते हैं और हमारी आत्मा को शांति और सुकून नहीं मिलता ।यह दोहा संत कबीर का है, जो निंदा (आलोचना) के प्रति न डरने और सत्य के मार्ग पर अडिग रहने का संदेश देता है। इसका अर्थ है कि निंदा जल की धार की तरह है–वह तेजी से आती है और चली जाती है। मीरा जैसी भक्त यदि निंदा से डरती, तो वह अपने भक्ति और प्रेम के मार्ग पर कैसे आगे बढ़ती और जीवन का बेड़ा (उद्देश्य) कैसे पार करती? संदेश है कि आलोचना से घबराना नहीं चाहिए; सत्य और अपने लक्ष्य पर दृढ़ रहना ही जीवन को सफल बनाता है। रचनात्मक आलोचना के कई लाभ हैं, जो व्यक्तिगत और व्यावसायिक विकास में मदद करते हैं। प्रमुख लाभ संक्षेप में हैं। रचनात्मक आलोचना कमियों को उजागर करती है और सुधार के लिए स्पष्ट सुझाव देती है, जिससे कौशल, व्यवहार या कार्यशैली बेहतर होती है। यह आपको दूसरों के नजरिए से अपनी कमजोरियों और ताकत को देखने का मौका देती है, जो आत्म-मूल्यांकन में मदद करता है। सकारात्मक तरीके से दी गई आलोचना प्रेरित करती है और लक्ष्यों की ओर बढ़ने के लिए नई दिशा प्रदान करती है। संबंधों जब आलोचना सम्मान और सहानुभूति के साथ की जाती है, तो यह विश्वास और सहयोग बढ़ाती है, जैसे कि टीमवर्क या व्यक्तिगत रिश्तों में।गलतियों से बचाव- यह समय रहते त्रुटियों को सुधारने में मदद करती है, जिससे भविष्य में बड़ी समस्याओं से बचा जा सकता है। दोहे के संदर्भ में, रचनात्मक आलोचना को ÷जल की धार नहीं, बल्कि मार्गदर्शक के रूप में देखें। मीरा ने नकारात्मक निंदा को अनदेखा किया, लेकिन रचनात्मक सलाह को ग्रहण करने से हम बेड़ा पार करने के लक्ष्य को और मजबूती से हासिल कर सकते हैं।

## खंडार विधायक ने सुनी जन समस्याएं मौके पर किया निस्तारण



हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

**सवाई माधोपुर ।** खंडार विधायक जितेंद्र गोठवाल ने अपने एक दिवसीय दौरे के दौरान जन समस्याएं सुनी । इस क्रम में क्षेत्र के विभिन्न गांवों से कार्यकर्ता लोग अपनी अपनी समस्याओं को लेकर खंडार विधायक जितेंद्र गोठवाल से मिले उनको अपनी समस्याओं से अवगत कराया व खंडार विधायक ने सभी कार्यकर्ताओं की समस्याओं को गंभीरता से लिया व मौके पर ही सम्बन्धित अधिकारी को बोलकर तुरंत समस्या का निस्तारण किया व जनसुनवाई के दौरान सभी विभागों के अधिकारी गण उपस्थित रहे ।

# 'लाडो प्रोत्साहन योजना' राशि 1 लाख रूपए से बढ़कर 1.50 लाख रूपए हुई

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस



**बूंदी ।** गरीब परिवार में जन्म लेने वाली बालिकाओं के पालन-पोषण के लिए शुरू की गई लाडो प्रोत्साहन योजना की राशि राज्य सरकार ने 1 लाख रूपए से बढ़ाकर 1.50 लाख रूपए कर दी है। महिला एवं बाल विकास विभाग ने इस संबंध में संशोधित दिशा-निर्देश जारी कर दिए हैं। इस अभिनव योजना में गरीब परिवार की बालिकाओं के जन्म पर 1.50 लाख रूपए का संकल्प पत्र राज्य सरकार की ओर से दिया जाएगा। मुख्यमंत्री श्री भजन लाल शर्मा ने 12 मार्च 2025 को वित्त एवं विनियोग विधेयक पर चर्चा के दौरान राशि बढ़ाकर 1.50 लाख रूपए करने की घोषणा की थी। उल्लेखनीय है कि बालिका जन्म को प्रोत्साहित करने के साथ ही जन्म से लेकर वयस्क होने तक बालिकाओं के समग्र विकास के लिए राज्य सरकार ने 1 अगस्त 2024 से लाडो प्रोत्साहन योजना पूरे प्रदेश में लागू की थी। बालिका के जन्म के साथ ही अक्सर मां-बाप को उसके लालन-पालन और भविष्य के खर्चों की चिंता हो जाती है। माता-पिता की चिंताओं को दूर करने के लिए मुख्यमंत्री श्री भजन लाल शर्मा के नेतृत्व में राज्य सरकार ने 'लाडो प्रोत्साहन योजना' लागू की थी। इसका उद्देश्य संस्थागत प्रसव को बढ़ावा देना और बालिका शिशु मृत्यु दर में भी कमी लाना है। योजना के सकारात्मक पहलू को देखें तो भविष्य में घटते शिशु लिंगानुपात में भी सुधार आएगा। बालिकाओं का विद्यालय में नामांकन एवं ठहराव बढ़ेगा। माता-पिता उनकी पढ़ाई जल्दी छुड़वाकर कम उम्र में शादी नहीं करवाएंगे जिससे बाल विवाह में कमी लाने में भी मदद मिलेगी।

### किश्तों में होगा राशि का भुगतान

इस योजना में बालिका के जन्म पर 1.50 लाख रूपए राशि का संकल्प पत्र प्रदान किया जाएगा। बालिका के जन्म से लेकर 21 वर्ष आयु पूरी करने तक इस राशि का भुगतान 7 किश्तों में डीबीटी के माध्यम से ऑनलाइन किया जाएगा। पहली छह किश्तें बालिका के माता-पिता अथवा अभिभावक के बैंक खाते में तथा 7वीं किश्त बालिका के बैंक खाते में ऑनलाइन हस्तांतरित की जाएगी। पात्र चिकित्सा संस्थानों में संस्थागत प्रसव के तहत बालिका का जन्म होने पर पहली किश्त 2500 रूपए, आयु एक वर्ष एवं समस्त टीकाकरण होने पर दूसरी किश्त 2500 रूपए, राजकीय विद्यालय या राज्य सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त निजी विद्यालय में पहली कक्षा में प्रवेश लेने पर तीसरी किश्त 4000 रूपए, राजकीय विद्यालय या राज्य सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त निजी विद्यालय में छठी कक्षा में प्रवेश लेने पर चौथी किश्त 5000 रूपए, राजकीय विद्यालय या राज्य सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त निजी विद्यालय में 10वीं कक्षा में प्रवेश लेने पर पांचवी किश्त 11,000 रूपए, राजकीय विद्यालय या राज्य सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त निजी विद्यालय में 12वीं कक्षा में प्रवेश लेने पर छठी किश्त 25,000 रुपए एवं राजकीय शिक्षण संस्थानों से परीक्षा उत्तीर्ण करने एवं 21 वर्ष की आयु पूर्ण करने पर 7वीं किश्त 1 लाख रूपए (राशि बालिका के बैंक खाते में ऑनलाइन ट्रांसफर होगी) मिलेगी।

पहले सातवीं किश्त के रूप में 50 हजार रूपए देने का प्रावधान था जिसे मुख्यमंत्री श्री भजन लाल शर्मा ने बढ़ाकर एक लाख रूपए कर दिया है। योजना की प्रथम दो किश्तों के बाद किसी चरण में किश्त का लाभ नहीं लिए जाने की स्थिति में तर्कसंगत कारण का उल्लेख करने पर पात्र बालिका को अगली किश्त का लाभ मिल सकेगा।

## पैंथर ने किया भैंस के पाडे पर हमला, मौके पर मिले पगमार्क, ग्रामीणों में दहशत माहौल

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस



**बालेर, खंडार ।** बालेर रेंज के अंतर्गत बाजौली गांव में बुधवार रात्रि को पैंथर ने भैंस के पाडे पर हमला कर दिया जिससें पाडे की मौत हो गई। यह घटना बुधवार देर रात्रि के समय की है। पशुपालक रोजमर्रा की तरह घटना से पूर्व देर शाम को पानी पिलाकर पाडे को बाड़े में बांधकर आया हुआ थालेकिन सुबह बाड़े में गया तो पाडा मृत अवस्था मे दिखाई दिया ।

पीड़ित पशुपालक हंसराज गुर्जर पुत्र मोती गुर्जर ने बताया कि बाजौली गांव में जगंलो से निकलकर पैंथर ने अचानक हमला किया है। जिससें पाडे की मौत हो गई। पीड़ित ने घटना की सूचना वन विभाग को दी। सूचना मिलते ही वन विभाग की टीम क्षेत्रीय वन अधिकारी के नेतृत्व में मौके पर पहुंची। जहां टीम ने घटनास्थल का मुआयना किया। टीम को घटनास्थल के आसपास पैंथर के पगमार्क मिले। इससे हमले की पुष्टि साफ हो गई । गौरतलब है कि इन दिनों गांव में भालू, पैंथर सहित वन्यजीवों का मूवमेंट बना हुआ है। जिससें लोगों में वन्यजीवों का खौफ़ बना हुआ है । ग्रामीणों की मांग है कि जल्द से जल्द वन विभाग भालू, पैंथर का रेस्क्यू कर जंगल मे छोड़े, जिससे उन्हें वन्यजीव भालू और पैंथर के आतंक से निजात मिल सकें । वन विभाग ने पीड़ित कोमुआवजा दिलवाने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। पशुपालक पीड़ित हंसराज ने आर्थिक सहायता की मांग की है।

### इनका कहना

बाजौली क्षेत्र में भालू का भी मूवमेंट बना हुआ है । इसके लिए वन विभाग ने पिंजरा लगवा दिया है। टीम ट्रेकिंग नियमित कर रही है । लेकिन अभी तक भालू कैद नही हुआ ।

पैंथर ने पाडे का हमला किया है। घटना स्थल पर पैंथर के पगमार्क मिले, पीड़ित को मुआवजा दिलवाने की प्रतिक्रिया शुरू कर दी है ।

## टाइगर हमले में शहीद हुए रेंजर देवेंद्र सिंह रणथम्भौर बाघ परियोजना डिविजन मे शोकसभा रखी



हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

**सवाई माधोपुर ।** टाइगर हमले में शहीद हुए रेन्जर देवेंद्र सिंह रणथम्भौर बाघ परियोजना डिविजन मे शोकसभा रखी गई,जिसमे स्व. देवेन्द्र सिंह रेन्जर के 2 मिनट का मौन रखा, वनविभाग मे रणथम्भौर, सामाजिक वानिकी,बनास परियोजना के जिला मुख्यालय व आस पास के क्षेत्र मे कार्यरत अधिकारी ,कर्मचारीयो ने सभा मे उपस्थिति दी, रणथंभौर बाघ परियोजना के डीएफओ रामानंद भाकर,सामाजिक वानिकी डीएफओ सुनील कुमार मौजूद रहे राजस्थान अधीनस्थ वन कर्मचारी संघ ने उपस्थित अधिकारियों को 8सूत्रीय मांग पत्र दिया जिसमें रेन्जर देवेन्द्र सिंह को शहीद का दर्जा दिया जाकर दिए जाने वाले आर्थिक लाभ परिलाभ शीघ्र दिये जाये, S BI के साथ हुऐ MOU के तहत आर्थिक राशि दिलवाई जावे,शहीद देवेंद्र सिंह जी के परिवारजन को उनकी मांग अनुसार शिक्षा विभाग मे अनुकंपा नियुक्ति यथाशीघ्र दी जाए व छोटे बच्चो के शिक्षा की व्यवस्था की जाऐ । भविष्य में इस तरह की घटना पुनः ना हो इसके लिए कर्मचारियों को सुरक्षा के साधन व चारपहिया वाहन व गस्त करने हेतु पर्याप्त स्टाफ उपलब्ध कराया जाए, रणथंबोर मे एक ही क्षेत्र मे बढ रहे टाइगरो का अन्यत्र विस्थापन किया जाए,

RTCF फंड से रणथम्भौर मे वन्यजीव या वनअपराधियो के हमले मे शहीद कर्मचारीयो को 20 लाख रूपये राशि व ड्यूटी के दौरान घायल को 5 लाख,अपाहिज होने पर 11 लाख रूपये देने का प्रावधान किया जाये, प्रोजेक्ट भत्ते व राशन भत्ता की राशि को बढाये जाने का प्रस्ताव शीघ्र ही सरकार को भिजवाये जायें,

रणथम्भौर मे कार्य कर रहे अधिकारी /कर्मचारीयो रिस्क भत्ता दिया जाने के प्रस्ताव भेजे जाये,

त्रिनेत्र गणेश मन्दिर का शेरपुर तिराहे से मन्दिर तक लोहे की जाली से दोनो ओर फेन्सिंग कर कोरिडोर बनाया जाये, ताकी गणेश जी के दर्शनार्थी सुरक्षित रहे । संघ द्वारा उक्त मांगो पर सरकार,वनविभाग कार्यवाही नही करते है तो मजबूरन वनकर्मचारी आन्दोलन का रूख करेंगे जिसकी समस्त जिम्मेवारी सरकार,विभाग की होगी ।

## रंजीत निवास में गुरुवार को बूंदी शहर और नमाना मंडल के बूथ अध्यक्षों की बैठक हुई आयोजित

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

**बूंदी ।** शहर के रंजीत निवास में गुरुवार को बूंदी शहर और नमाना मंडल के बूथ अध्यक्षों की बैठक आयोजित हुई । मीडिया प्रभारी अभिषेक जैन ने बताया कि बैठक को



संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष रामेश्वर मीणा ने कहा कि 18 मई को प्रातः 11:00 कुवारती धान मंडी रोड स्थित सांवरिया मैरिज गार्डन में बूंदी विधानसभा क्षेत्र के बूथ अध्यक्षों का सम्मेलन होगा । सम्मेलन को लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला संबोधित करेंगे । उन्होंने बताया कि 20 मई को जिले की तिरंगा यात्रा निकाली जाएगी ।

जिसमें लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला शिरकत करेंगे । बैठक को पूर्व जिला अध्यक्ष सुरेश अग्रवाल ,शहर अध्यक्ष राजकुमार श्रंगी , लोकसभा अध्यक्ष प्रतिनिधि हरिनंदन कहार , सभापति सरोज अग्रवाल ,नमाना मंडल अध्यक्ष नेतराम नेवी अपने विचार व्यक्त किये । इस दौरान भाजपा नेता अशोक जैन निर्मल मालव ,पूर्व छात्र संघ सचिव अशोक शर्मा ,हेमंत मीना, अनिल जांगिड़ ,मोहन कराड, मेक कराड , दिलीप सिंह ,जमुना शंकर ,नवीन चतुर्वेदी ,अंकित शर्मा , पार्षद नवीन सिंह सहित कार्यकर्ता मौजूद रहे ।

## राजीविका एवं आरसेटी की डीएमएमयू की महत्वपूर्ण बैठक हुई संपन्न



हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

**बूंदी ।** राजीविका एवं आरसेटी की डीएमएमयू की एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन गुरुवार को आरसेटी बूंदी में किया गया ।

बैठक के दौरान निदेशक अशोक बंजारा ने आरसेटी एवं राजीविका के संयुक्त तत्वावधान में गत वर्ष आयोजित कार्यक्रमों की विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने कार्यक्रमों की प्रगति और महिलाओं के सशक्तिकरण में उनके योगदान पर संतोष व्यक्त किया ।

उन्होंने बताया कि इसके अतिरिक्त वर्ष 2025-26 में आयोजित किए जाने वाले कार्यक्रमों की रूपरेखा पर भी विस्तृत चर्चा हुई। निदेशक ने नए कार्यक्रमों को और अधिक प्रभावी बनाने तथा महिलाओं की आवश्यकताओं के अनुरूप तैयार करने पर जोर दिया। बैठक में प्रशिक्षण कार्यक्रमों की गुणवत्ता को और बेहतर बनाने तथा अधिक से अधिक महिलाओं को क्रेडिट लिंकेज (ऋण सुविधा से जुड़ाव) उपलब्ध कराने पर भी विस्तृत चर्चा हुई, ताकि वे अपने उद्यमों को सफलतापूर्वक संचालित कर सकें । उन्होंने बताया कि इस अवसर पर डीपीएम जगजीवन कौर ने सभी ब्लॉक कार्यक्रम प्रबंधकों को महत्वपूर्ण निर्देश दिए ।

उन्होंने बाजार की मांग के अनुरूप कौशल विकास कार्यक्रमों का चयन करने और राजीविका से जुड़ी महिलाओं को उनकी आजीविका में वृद्धि के लिए गुणवत्तापूर्ण प्रशिक्षण प्रदान करने का आह्वान किया। जगजीवन कौर ने कहा कि इस पहल का मुख्य उद्देश्य राजीविका से जुड़ी महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाना है, जिससे वे सशक्त होकर समाज के विकास में अपना योगदान दे सकें ।

यह बैठक राजीविका और आरसेटी के मध्य समन्वय को और मजबूत करने तथा जिले की ग्रामीण महिलाओं के सामाजिक एवं आर्थिक विकास को गति प्रदान करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है । बैठक में आरसेटी निदेशक अशोक बंजारा, डीएमएमयू (जिला मिशन प्रबंधन इकाई) के अधिकारी, राजीविका से जिला परियोजना प्रबंधक (डीपीएम) जगजीवन कौर, ब्लॉक कार्यक्रम प्रबंधक (बीपीएम) एवं क्लस्टर मैनेजर उपस्थित रहें ।

## परिंडे लगाओ अभियान के तहत आंगनबाड़ी केंद्र पर परिंडे लगाए



हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

**हिंदुस्तान एक्सप्रेस/सांभरलेक ।** नवनिर्माण एवं पर्यावरण केंद्र केशा का बास से चलाए जा रहे परिंडा लगाओ अभियान के अंतर्गत मुख्य वक्ता के रूप में बोलते हुए ईशा मीणा आंगनबाड़ी कार्यकर्ता करणसर ने कहा कि बेजुबान पक्षी की दाना पानी की व्यवस्था करना ही सबसे बड़ी सेवा है ओर हर मानव समाज को इसकी सेवा करनी चाहिए जिससे बेजुबान पक्षी गर्मियों बचा जा सके पक्षियों के लिए गर्मियों में पानी पिलाने हेतु सार्वजनिक स्थल करणसर में परिंडे लगाए गए। प्रभु दयाल ने कहा बेजुबान पक्षी की सेवा से बढ़कर कोई सेवा नहीं है।इस अवसर पर संस्था के मंत्री हीरालाल शास्त्री मोनिका वर्मा ममता सांभरिया सहित अनेक लोगों ने परिंडे लगाए। इस दौरान चंदेश्वर शर्मा ने प्रतिदिन पानी डालने का संकल्प लिया ।

## सिविल डिफेन्स वॉलंटियर बनकर समाज की करें सेवा



हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

**बूंदी ।** युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार के माय भारत इनीशिएटिव के अंतर्गत आपदा प्रबंधन एवं नागरिक सुरक्षा जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों में युवाओं की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने के उद्देश्य से भारत सरकार द्वारा माय भारत पोर्टल के माध्यम से सिविल डिफेन्स वालंटियर के रूप में कार्य करने हेतु इच्छुक युवाओं का डाटाबेस बनाया जा रहा है। यह डेटाबेस आपातकाल परिस्थितियों में सहयोग हेतु संबंधित प्रशासन के साथ शेयर किया जाएगा। आपातक़ालीन परिस्थितियों में सिविल डिफेन्स वॉलंटियर फायर सर्विस, पुलिस, अस्पतालों और आपातकालीन सेवाओं में मदद करके अपने शहर के असली हीरो बन सकते हैं, साथ ही देश सेवा में अपना योगदान दे सकते हैं। हाल ही में चली मॉक ड्रिल्स, ब्लैकआउट इसके उदाहरण हैं ।

भारत सरकार की युवाओं से अपील करती है कि वे इस अभियान में सक्रिय रूप से भाग लें और सिविल डिफेन्स वॉलंटियर बनकर समाज की सेवा करें। पंजीकरण के लिए युवा को माय भारत पोर्टल पर जाकर सिविल डिफेन्स वालंटियर का फॉर्म भरना होगा। ज़िला युवा अधिकारी सचिन पाटोदिया ने बताया कि पंजीकरण में किसी भी समस्या के लिए माय भारत टोल फ्री नंबर 18002122729 अथवा माय भारत बूंदी/नेहरू युवा केंद्र ; या संबंधित एनएसएस यूनिट में संपर्क कर सकते है। आइए, मिलकर एक सुरक्षित और मजबूत भारत बनाने में अपनी भागीदारी दें।

## तांडव 2 का किया प्रमोशन, प्रसारण 23 मई से सवाई माधोपुर में

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

**सवाई माधोपुर ।** फिल्म निर्देशक लखविंदर सिंह ने बताया कि एन के मित्तल फिल्म प्रेजेंटेशन द्वारा राजस्थानी फिल्म तांडव 2 का प्रसारण प्रेम मंदिर सिनेमा में 23 मई से किया जाएगा,इस संदर्भ में फिल्म निर्माता टीम आज गुरुवार दोपहर हिंदुस्तान शिवसेना कार्यालय पर पहुंची जहां उन्होंने हिंदुस्तान शिवसेना के राजस्थान प्रभारी जितेंद्र सिंधी उर्फ जीतू भैया से तांडव 2 के पोस्टर का विमोचन करवाया , इस दौरान जीतू भैया ने इस राजस्थानी फिल्म को अधिक से अधिक संख्या में देखने का आग्रह किया, इस दौरान फिल्म निर्देशक लखविंदर सिंह, अभिनेता विनय देव गौतम, रचनाकार टीम सदस्य विक्रम आदि उपस्थित रहे ।

## प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय केंद्र में भव्य रूप से समर कैंप का हुआ शुभारंभ



हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

**बूंदी ।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय के तिरुपति विहार स्थित स्थानीय ब्रह्माकुमारीज केंद्र में भव्य रूप से समर कैंप का शुभारंभ हुआ । जिसका उद्देश्य बच्चों में नैतिक मूल्य और खेल खेल के माध्यम से मनोरंजक ढंग से उनकी योग्यताओं और विशेषताओं को विकसित करना है । कार्यक्रम का शुभारंभ नगर परिषद सभापति सरोज अग्रवाल , जेसीआई ऊर्जा की प्रेसिडेंट अंशुल भंडारी, समाजसेवी आदित्य भंडारी, जेसीआई ऊर्जा वाइस प्रेसिडेंट सोनम नुवाल, ब्रह्माकुमारी रजनी दीदी, गीता दीदी के दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। गुजरात से पधारे ब्रह्माकुमार संजीव भाई जो देश के विभिन्न शहरों में स्वास्थ्य एक्सपर्ट के रूप में अपने सैकड़ो व्यक्तित्व दे चुके हैं उन्होंने बच्चों को संबोधित करते हुए विभिन्न एक्टिविटीज के माध्यम से हमें अपनी लाइफ में कैसे अपने आप को फिट रखना है और अपनी कंसंट्रेशन पावर को कैसे बढ़ता है यह विभिन्न एक्टिविटीज के माध्यम से सिखाए। बच्चों ने सभी एक्टिविटीज और एक्सरसाइज को खूब एंजॉय किया।

समर कैंप के आज प्रथम दिवस पर बच्चों के लिए बच्चों के पेरेंट्स के लिए पेरेंटिंग कल के विषय में ब्रह्माकुमारी तुलसी दीदी ने अपने संबोधन में बताया कि हर माता-पिता यही प्रयास करता है कि उनके बच्चे हर तरह से तन मन और अपनी पढ़ाई में सक्षम बने लेकिन जब हम ज्यादा इच्छाएं बच्चों से रखते हैं तो कहीं ना कहीं हम यह भूल जाते हैं की हर एक बच्चे की अपनी विशेषता है अपनी योग्यता है । भगवान ने उसकी विशेष बनाया है और यह स्मृति न रहने के कारण। हम उनकी जो विशेषताएं हैं उनको नहीं देख पाते। हमें आज समझना होगा कि वह गलत नहीं बस उनके सोचने और समझने का ढंग अलग है उनके कार्य करने का ढंग अलग है हमें उन्हें स्वतंत्रता देनी होगी तभी हम उनकी योग्यताओं और क्षमताओं को भर सकते हैं। तुलसी दीदी जी बच्चों के लिए ऐसे समर कैंप देश के विभिन्न हिस्सों में हर साल आयोजित करते हैं और इनका मुख्य उद्देश्य यही होता है की बच्चों को आज जो समस्याएं हैं उनको वह खेल-खेल में इस विधि से सिखाएं जो बच्चे इसको सीख कर अपने जीवन में अपनाते जाएं और अपनी शिक्षा और अपने व्यवहारिक जीवन को और जो आज संबंधों में कहीं ना कहीं दूर हो रहे हैं उसमें सुधार आए।

उन्होंने बताया कि कल से बच्चों के लिए पेंटिंग डांस और एक्टिविटीज के माध्यम से सेशन रहेंगे। जैसे आज बच्चों ने खूब इंजॉय किया ऐसे ही हर रोज कुछ ना कुछ नहीं एक्टिविटीज के माध्यम से और कार्ड मेकिंग आदि कंपटीशन जो रहेंगे वह सब बच्चों के लिए खूब उमंग उत्साह भरा होगा। उनका उद्देश्य यही है कि बच्चे ज्यादा से ज्यादा इस कार्यक्रम का लाभ ले ब्रह्मा कुमारीज द्वारा आयोजित किया कार्यक्रम 18 में तक जारी रहेगा। जो भी इच्छुक बच्चे हैं 10 से 15 साल के बीच वह इस कार्यक्रम का हिस्सा बनना चाहते हैं तो सादर आमंत्रित है।

ब्रह्माकुमारी माधवी बहन ने कुशल मंच संचालन किया। बूंदी सेवा केंद्र प्रभारी आदरणीय ब्रह्माकुमारी रजनी दीदी जी ने आए हुए सभी अतिथियों का बच्चों का और उनके अभिभावकों का बहुत दिल से स्वागत और सम्मान किया। उन्होंने बताया की समर कैंप आयोजित करने का मुख्य उद्देश्य ही यही है कि शहर के बच्चों को एक सही दिशा प्राप्त हो आज हमारा युवा वर्ग अपने पद से भटक चुका है यदि हम इस उम्र में ही बच्चों को सही शिक्षा खेल-खेल के माध्यम से सिखाएंगे तो उनका भविष्य सुनहरा बन सकता है । गुजरात से ही पधारे ब्रह्माकुमारी केतकी बहन ने भी अपने अनुभवों के द्वारा बच्चों को डांस और कॉन्फिडेंस बढ़ाने की विभिन्न ट्रिक सिखाई । समर कैंप में होने वाले खेल एक्टिविटीज और कंपीटीशन में बच्चों ने खूब आनंद लिया और यह कार्यक्रम आगे 18 मई तक जारी रहेगा ।

## सिंधी बाल संस्कार शिविर का विधिवत समापन किया गया



हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

**बूंदी ।** सिंधु सभा की महिला मंडल द्वारा चल रहे सिंधी बाल संस्कार शिविर का विधिवत समापन किया गया। समारोह में विशिष्ट अतिथि भारतीय जनता पार्टी अध्यक्ष श्री रामेश्वर मीणा द्वारा भगवान झूलेलाल जी के समक्ष ज्योत प्रज्वलन की गयी।

सिंधी समाज सेवा समितिअध्यक्ष मंगुमल टेकवानी नेता प्रतिपक्ष मुकेश माधवनी, पार्षद प्रेम प्रकाश, भारतीय सिंधु सभा अध्यक्ष महेश जैसानी ने अतिथि को शाफा पहनकर शाल ओड़ाकर स्वागत किया। महिला मंडल अध्यक्ष कोमल लालवानी व कीर्ती जयसिंघानी ने पुष्प गुच्छ भेटकर स्वागत किया। शिविर का आयोजन 1मई से झूलेलाल मंदिर सिंधी कॉलोनी में किया जा रहा था। शिविर में बच्चों के सर्वांगीण विकास एवं संस्कृति से जुड़ाव के लिए विभिन्न विधाओं का प्रशिक्षण दिया जा रहा था जिसमें सिंधी भाषा ज्ञान, जुंबा डांस, नॉन फायर कुकिंग, प्राणायाम, योग मुद्रा, मेडिटेशन एवं ब्यूटीशियन सेल्फ कोर्स इशिका धनवानी, हेमा जसोतानी,रिंकी आसवानी, प्रीति जसोतानी, गुन कालरा, रीत कालरा मार्गदर्शन में निशुल्क दिया जा रहा था । महेश चांदवानी ने कहा जो पेड़ अपनी जड़ से जुड़े हुए रहते हैं वह सदैव हरे भरे रहते हैं सिंधी भाषा व संस्कृति हमारा मूल है जिसे कभी नहीं छोड़ना चाहिए। यह शिविर नन्हे बच्चों के चरित्र निर्माण, राष्ट्रप्रेम और संस्कारों के विकास हेतु एक महत्वपूर्ण पहल रहा। अतिथि रामेश्वरम मीणा ने कहा इस पावन अवसर पर हम एक साथ मिलकर न सिर्फ बच्चों को संस्कारों की शिक्षा का सम्मान दें, बल्कि हमारी सेना के शौर्य को भी नमन करें।

भारतीय सेना इस समय ऑपरेशन सिंदूर जैसे अभियान में राष्ट्र की रक्षा हेतु दिन-रात एक कर रही है। चाहे वो दुश्मनों की सीमा पार साजिशें हों या आंतरिक सुरक्षा की चुनौतियाँ हमारे जवान हर मोर्चे पर अडिग खड़े हैं।उनकी वीरता, समर्पण और त्याग को हम कोटि-कोटि नमन करते हैं। और उसके लिए आगामी 20 मई को विशाल तिरंगा रैली निकाली जाएगी। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के साथ समाज के गणमान्य बलराम वरयानी, धर्मदास नारवानी, राम गुरबाणी,गौरव जैसानी, किशन धनवानी, मुकेश जयसिंघानी संजय लेखवानी, हरीश कालरा,हासानंद मंगतानी, मात्र शक्तियों में गायत्री टेकवानी नीता जसोतानी ने तिरंगे ध्वज फहराकर भारतीय सेना के सम्मान में अपनी गरिमामयी उपस्थिति दर्ज कराई ।

## नेचर गाइड बत्तीलाल गुर्जर ने राजकीय विद्यालयों को भेंट किए दो वॉटर कूलर - शिक्षा क्षेत्र में कर रहे प्रेरणादायक कार्य

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

**सवाई माधोपुर ।** गांव भावपुर, खिदरपुर जादोन निवासी और रणथंभौर बाघ परियोजना में नेचर गाइड के रूप में कार्यरत बत्तीलाल गुर्जर ने जिला कलक्टर शुभम चौधरी के मार्गदर्शन मे शिक्षा विभाग द्वारा संचालित अभिनव पहल भविष्य की उड़ान से प्रेरित होकर शिक्षा क्षेत्र में अनुकरणीय योगदान देते हुए दो राजकीय विद्यालयों को वॉटर कूलर मय टंकी दान स्वरूप भेंट किए हैं। स्थानीय राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय खिदरपुर जादोन एवं राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय भावपुर में विद्यार्थियों के लिए शुद्ध पेयजल व्यवस्था हेतु कुल 1 लाख 56 हजार रुपये की लागत से यह कूलर लगाए गए हैं। राजकीय विध्यालयों मे इस प्रेरणादायक आर्थिक योगदान के लिए समग्र शिक्षा अभियान के अतिरिक्त जिला परियोजना समन्वयक दिनेश कुमार



गुप्ता एवं कार्यक्रम अधिकारी हेमराज मीणा ने विद्यालय स्टाफ के साथ स्वयं बत्तीलाल गुर्जर के गांव पहुंचकर उनका और उनकी धर्मप%ी श्रीमती अनीता गुर्जर का माल्यार्पण कर आभार व्यक्त किया ।

एडीपीसी दिनेश कुमार गुप्ता ने बताया कि भामाशाह बत्तीलाल गुर्जर का यह कार्य केवल एक सहयोग नहीं, बल्कि एक प्रेरणा है जो समाज के अन्य सक्षम व्यक्तियों को भी जरूरतमन्द विद्यार्थियों के सहयोग के लिए आगे आने के लिए प्रेरित करेगा। उनके इस प्रयास ने न केवल विद्यार्थियों को आवश्यक संसाधन उपलब्ध कराए हैं, बल्कि समाज को भी शिक्षा के महत्व के प्रति जागरूक किया है । कार्यक्रम अधिकारी समग्र शिक्षा हेमराज मीना ने बताया कि श्री गुर्जर वर्ष 2007 से रणथंभौर बाघ परियोजना में नेचर गाइड के रूप में कार्यरत हैं तथा वर्ष 2016 से वे अपनी आय का 20 प्रतिशत भाग समाज के जरूरतमन्द विद्यार्थियों की शिक्षा पर व्यय कर रहे हैं। अब तक वे करीब 10 लाख 45 हजार रुपये मूल्य की सामग्री ङ्क जिनमें कंप्यूटर सेट, वाटर कूलर ,पंखे, स्कूल बैग, टीशर्ट, गर्म कपड़े, स्टेशनरी, शिक्षण सामग्री आदि शामिल हैं ङ्क सरकारी विद्यालयों को भेंट कर चुके हैं । इस अवसर पर प्रधानाचार्य चंद्रशेखर जोशी, ग्राम पंचायत के वार्ड मेंबर काड़ो गुर्जर, गिर्राज , श्री सोहनलाल बेरवा, सियाराम गुर्जर, धनजी गुर्जर सहित दोनों विद्यालयों के समस्त शिक्षकगण उपस्थित रहे। सभी ने बत्तीलाल गुर्जर के इस कार्य की प्रशंसा करते हुए उन्हें समाज के लिए अनुकरणीय व्यक्तित्व बताया। विद्यालय परिवार एवं ग्रामवासियों ने संयुक्त रूप से श्री बत्तीलाल गुर्जर को 'भामाशाह' की संज्ञा देते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया ।

